दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली ।। मंगलवार 28 मई -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 228 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

माफिया के खत्म हो जाने से यूपी में बढ़ा निवेश : योगी आदित्यनाथ

गाजीपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि यूपी से माफिया का सफाया करने के बाद अब प्रदेश में भारी पैमाने पर निवेश आ रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में बड़े स्तर पर निवेश हो रहा है, जिसके बाद यहां फैक्ट्रियां लगेंगी और नौजवानों को यहीं पर नौकरी भी मिलेगी। योगी ने सपा पर प्रहार करते हुए कहा कि इन लोगों ने गरीबों के बेटों को मारने का संकल्प लिया था, तो हमने भी माफिया को मिट्टी में मिलाने का संकल्प लिया और आज माफिया मिट्टी में मिल चुके हैं। योगी आदित्यनाथ सोमवार को मोहम्मदाबाद में बलिया लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी नीरज शेखर के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अयोध्या और काशी के बाद हम मथुरा जाने की तैयारी कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने क्रांतिकारियों की पावन धरा को कोटि कोटि नमन करते

हुए कहा कि मोहम्मदाबाद क्षेत्र के लिए स्वर्गीय कृष्णानंद राय जी के बहुत से सपने थे। यहां के विकास को लेकर वह अत्यंत चिंतित रहते हैं और लगातार प्रयास करते थे। जब भी कृष्णानंद राय जैसा कोई जनप्रतिनिधि विकास के लिए कोई प्रयास करता था सपा के लोग ऐसे नेताओं को माफियाओं की भेंट चढ़ा देते थे। इन लोगों ने स्वर्गीय कृष्णानंद राय की हत्या पर संवेदना व्यक्त करने की जगह हत्यारों को संरक्षण दिया और आज माफिया के मरने पर मातम मनाने आते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कृष्णानंद राय के साथ ही श्याम शंकर राय, रमेश राय, रमेश पटेल, मुन्ना यादव सहित अन्य लोगों को बर्बरता के साथ मारा गया था। तब प्रदेश में सपा और केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। ये दोनों जब भी मिलते हैं तब अनर्थ होता है। हमें फिर से कोई अनर्थ नहीं होने देना है। सीएम योगी ने कहा कि सपा और कांग्रेस को ये बताना चाहिए कि मुन्ना यादव, रमेश पटेल जिनकी मुख्तार जैसे माफिया ने हत्या की थी, क्या वो पिछड़ी जाति के नहीं थे। प्रयागराज में पूजा पाल के पति राजू पाल और जया पाल के पति उमेश पाल क्या पिछड़ी जाति के नहीं थे। उनका संकल्प बीजेपी के जनप्रतिनिधियों को, गरीब के बेटों को मारने का था तो हमारा भी संकल्प था कि माफिया को मिट्टी में मिला रहेंगे।

संविधान को बचाने वाला चुनाव है यह : अखिलेश

गाजीपुर। अखिलेश यादव ने कहा कि यह संविधान बचाने का भी चुनाव है। बीजेपी और बीएसपी ने अंदर ही अंदर हाथ मिला रखा है। इसलिए सावधान हो जाइए। वह गाजीपुर जिले के आरटीआई मैदान में सभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने एंबुलेंस की सर्विस को भी बर्बाद कर दिया। पुलिस को लेकर के भी हम लोगों ने व्यवस्था बनाई थी, जो बर्बाद हो गई है।

अखिलेश यादव ने कहा कि सत्ता में बैठे लोग भी जान गए हैं कि 4 जून के बाद उनकी सरकार बनने वाली नहीं है। इसीलिए लखनऊ वाले तो लखनऊ वाले दिल्ली वालों की भी भाषा बदल गई है। हम इन बीजेपी वालों को कहना चाहते हैं 4 जून के बाद न केवल मंत्री मंडली बदलेगी, मंत्रिमंडल भी बदलेगा और मीडिया मंडल भी बदलने का काम होगा।

अखिलेश ने कहा कि जो लोग 400 का नारा लगा रहे थे, अगर गणित समझोगे तो आप समझ में आएगा कि 543 सीट में 400 सीट पर भी नहीं जीत पा रहे हैं।

अब तो जिस तरह का गुस्सा 140 करोड़ की जनता में है, उससे तो लग रहा है इनको 140 सीटों के लिए तरसा देगी। क्या कहते हैं कि दो शहजादे वोट करने निकले हैं, हम उनको कहना चाहते हैं, जो हम लोगों को दो शहजादे बोल रहे हैं, इस बार दोनों शहजादे मिलकर के शह उन्हें दे रहे हैं।

राहुल गांधी की रैली में अचानक भरभराकर गिरा मंच

बिहार के दौरे पर हैं राहुल गांधी

पाटलिपुत्र। लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर 6 चरणों की वोटिंग हो चुकी हैं और अब बस सातवें चरण की वोटिंग बची है, जो कि 1 जून को होगी। इससे पहले आखिरी फेज की वोटिंग से पहले चुनाव प्रचार में राजनीतिक दलों के नेता अपनी पूरी ताकत झोंक रहे हैं। चुनाव प्रचार के तहत ही बिहार के पाटलिपुत्रि में एक रैली के दौरान राहुल गांधी एक बड़े हादसे का शिकार होने से बच गए। राहुल की मौजूदगी में अचानक रैली का मंच भर-भराकर गिर गया। गनीमत यह रही कि किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

दरअसल, पाटलिपुत्र में एक चुनावी रैली के दौरान अचानक मंच टूट गया, जिसके चलते राहुल गांधी भी लड़खड़ाए और गिरने से बाल बाल बच गए। स्टेज पर मौजूद आरजेडी नेता और प्रत्याशी मीसा भारती ने उनका हाथ पकड़कर संभाल लिया। इस घटना के चलते कुछ देर के लिए रैली स्थल पर

अफरा-तफरी मच गई, लेकिन फिर सब सामान्य हो गया।

बता दें कि आज कांग्रेस नेता राहुल गांधी इंडिया गठबंधन के उम्मीदवारों के लिए चुनाव प्रचार करने और जनता जनार्दन से वोट मांगने बिहार आए थे। यहां उनकी तीन जनसभाएं थीं, इसमें पटना साहिब से लेकर पाटलिपुत्रि और आरा की रैली शामिल थी।

पहले उन्होंने पटना साहिब सीट के बख्तियारपुर सीट पर जनसभा को संबोधित किया।

बता दें कि पटना साहिब सीट से एक बार फिर पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद को बीजेपी ने चुनावी मैदान में उतारा है, जबकि कांग्रेस ने इस सीट से इंडिया गठबंधन के साझा उम्मीदवार के तौर पर कांग्रेस नेता और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार के बेटे अविजित अंशुल को टिकट दिया है।

पाटलिपुत्र के पालीगंज में जनसभा के दौरान जब राहुल भाषण देने वाले थे, तो उस दौरान ही मंच का एक हिस्सा गिर गया। ऐसे में मंच पर मौजूद आरजेडी प्रत्याशी मीसा भारती ने उन्हें संभाल लिया।

शपथ ग्रहण का एक वर्ष पूरा होने पर मेयर सुनीता दयाल ने बताईं उपलब्धियां राजस्व से लेकर निर्माण और स्वास्थ्य, जल-कल में हुए कार्यों को गिनाया

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। 13 मई 2023 को नगर निगम चुनाव का नतीजा आया था और 27 मई को नगर निगम के 100 पार्षदों और मेयर का शपथ ग्रहण समारोह हुआ था। सुनीता दयाल महापौर पद पर 2,87,656 वोटों से जीतकर निर्वाचित हुईं थीं। मेयर सुनीता दयाल ने एक वर्ष के दौरान नगर निगम के कई विभागों में नई रणनीति के साथ काम किया। वो स्वयं सड़को पर उतरी और कूडे की समस्या का समाधान किया। पार्षदों की लड़ाई में वो स्वयं आगे रहती हैं। एक वर्ष पूरा होने पर मेयर सुनीता दयाल ने इस एक वर्ष में हुई नगर निगम की आयवृद्धि, विकास कार्य, वार्डों की सफाई, कूड़ा संग्रह का कार्य, वाहनों की आपूर्ति से लेकर ड्रेनेज सिस्टम को ठीक कराया है। पार्कों का सौंदर्यीकरण कराया है। मेयर ने एक वर्ष की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि किसी भी वार्ड से

शिकायत प्राप्त होने पर वो स्वयं स्थल पहुंचकर निरीक्षण करती हैं। उपलब्धियां बताते हुए महापौर ने कहा कि शहर में सीवरेज की बड़ी समस्या सामने आ रही थी जिसको शतप्रतिशत ठीक कराया गया है। शहर में सड़कों पर गड्ढे हो जाते हैं इस समस्या से निजात पाने के लिए महापौर ने शहर के सभी जोनों में गड्ढा भरने हेतु एक टीम बनाकर दस्ता चलाया है जो सड़कों पर होने वाले छोटे व बड़े गड्ढों को नियमित रूप से भरेगा।

स्वच्छता से लेकर जल-कल तक हुआ है काम

करंट क्राइम। नगर निगम लगातार काम कर रहा है और एक साल के कार्यकाल में नगर निगम ने 82374 वर्ग मीटर भूमि कब्जा मुक्त करायी है। जिसका बाजारी मूल्य लगभग 500 करोड़ रुपए से अधिक है। नगर निगम द्वारा 100 वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा उठाने के लिए 350 नए वाहनों को तैनात किया गया है। नगर निगम

गाजियाबाद द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के अन्तर्गत पुन: प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया और देश में 19वां स्थान प्राप्त किया। सिंगल यूज प्लास्टिक बैन को लेकर नगर निगम ने 60 लाख रुपए के चालान काटे है जो प्रदेश में सबसे ज्यादा हैं। नाला सफाई का काम बरसार शुरू होने से पहले ही करा लिया गया है। विभिन्न स्थानों पर पेयजल लाइन बिछाने और एसटीपी का संचालन कराया जा रहा है। जिसकी लागत लगभग रू० 6,61,48,113.00 है। सभी वार्डों में लगभग 1400 बैंच और 27 झूले सैट लगाये गये हैं, 28 ओपन जिम सैट लगाये जा चुके हैं। एक वर्ष की अवधि में नगर निगम ने पार्कों से लेकर औद्योगिक क्षेत्रों में एलईडी फ्लड लाइट लगाकर प्रकाश व्यवस्था स्थापित करायी है। सेफ सिटी परियोजना के अन्तर्गत 500 से ज्यादा इंटीग्रेटिड कैमरे लगाये गये हैं।

लूट के बाद चेकिंग के रियलिटी टेस्ट में खुल गई कमिश्नरेट पुलिस की पोल

काफी जगह मिला सुरक्षा व्यवस्था में होल

गौरव शशि नारायण

गाजियाबाद, करंट क्राइम : कवि नगर थानाक्षेत्र के राजनगर इलाके में पेट्रोल पंप कैशियर से दिन दहाड़े हुई साढ़े नौ लाख रुपए की लूट के बाद पुलिस के अधिकारियों के निर्देश के बावजूद भी चेकिंग की व्यवस्था और बदमाशों को घेरने के लिए बैरिकेडिंग की व्यवस्था शून्य मिली। दैनिक करंट क्राइम की टीम ने वारदात के कुछ देर बाद पुलिस की तत्परता का रियलिटी चेक किया तो उसमें होल ही होल नजर आए। कवि नगर थाना क्षेत्र में लूट की वारदात होने के बाद नए गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के आसपास के इलाके में ना तो पुलिस की कोई चेकिंग दिखाई दी और ना कहीं पर बैरिकेडिंग लगाए गए थे ताकि बदमाशों को रोका जा सके। वहीं घंटा घर कोतवाली क्षेत्र के साथ ही थाना सिहानी गेट में भी आलम भगवान भरोसे वाला मिला।

लूट की वारदात पर ना कहीं चलाया गया चेकिंग अभियान, ना की गई थी बदमाशों को घेरने के लिए बैरिकेडिंग

वारदात वाली रोड

वारदात वाली रोड पर भी नहीं दिखी तत्परता

करंट क्राइम : आरडीसी और नए गाजियाबाद रेलवे स्टेशन की वह रोड जहां पर बदमाशों ने कुछ देर पहले लूट की वारदात की थी, जब दैनिक करंट क्राइम की टीम ने रियलिटी चेक किया तो इस मार्ग पर ना तो पुलिस की कोई पीआरवी गश्त पर नजर आई और ना ही कहीं पर पुलिस बैरिकेडिंग लगाकर चेकिंग करती हुई मिली। जो बता रहा है की लूट के बाद पुलिस का रवैया लापरवाही वाला ही बना रहा।

लोहिया नगर और आर्य नगर पर भी पुलिस मिली गायब

करंट क्राइम : दैनिक करंट क्राइम के रियलिटी चेक के दौरान लोहिया नगर चौक और आर्य नगर चौकी के पास दोपहर के वक्त लूट की वारदात होने के बाद अलर्ट जारी किया गया था, बावजूद इसके यहां पुलिस की ना तो कोई चेकिंग व्यवस्था मिली और ना ही कोई पुलिसकर्मी मुस्तैदी से ड्यूटी करता हुआ नजर आया।

नवयुग मार्केट का हाल भी था बेहाल

करंट क्राइम : नवयुग मार्केट इलाका ऐसा है जहां अनेक को बैंक की शाखाएं और मुख्य कार्यालय हैं। इसके बावजूद कवि नगर थानाक्षेत्र में लूट की वारदात होने के बाद पुलिस यहां बेफिक्र थी। कहीं चेकिंग व्यवस्था का आलम देखने को नहीं मिला।

राजनगर में पेट्रोल पंप कैशियर से गन पॉइंट पर साढ़े नौ लाख की लूट

गाजियाबाद, करंट क्राइम : कवि नगर थानाक्षेत्र के राज नगर इलाके में सोमवार दोपहर करीब 12 बजे के आसपास स्कूटी सवार पेट्रोल पंप के कैशियर मयंक राजपूत के साथ बाइक सवार बदमाशों ने गन पॉइंट पर साढ़े नौ लाख रुपए की लूट को अंजाम दिया। बाइक सवार बदमाशों ने घटना निवर्तमान केंद्रीय मंत्री एवं गाजियाबाद के सांसद जनरल वीके सिंह के आवास के पास ही अंजाम दी। बताया जा रहा है कि कैशियर मयंक राजपूत राजनगर एक्सटेंशन के पेट्रोल पंप गौरी शिवाय से लगभग साढ़े नौ लाख रुपए कैश लेकर नवयुग मार्केट बैंक शाखा जा रहे थे। इसी दौरान राजनगर में सुनसान सड़क पर बाइक सवार बदमाशों ने हथियार दिखाते हुए उनसे लूट की वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। बदमाशों ने कैशियर का मोबाइल भी फेंक दिया था। लूट की सूचना मिलते ही कवि नगर थाना पुलिस, एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव, डीसीपी सिटी जोन कुंवर ज्ञानंजय सिंह और एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी मौके पर पहुंचे और पूरे मामले की जांच पड़ताल की। फिलहाल पूरे मामले के खुलासे के लिए चार टीमों का गठन किया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाले के साथ ही पीड़ित और पट्रोल पंप के स्टाफ से पूछताछ कर रही है। साथ ही इस मामले में क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम भी जुट गई है।

बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े घटना को दिया अंजाम

वारदात में मंडे गैंग पर शक, खंगाली जा रही हैं जेल में बंद बदमाशों की कुंडली

करंट क्राइम : जानकारी है कि मयंक राजपूत प्रतिदिन बैंक जाते थे और जो कैश होता था उसे जमा करवाने का काम करते थे। सोमवार को वह करीब साढ़े नौ लाख रुपए लेकर निकले थे। जिस दौरान राजनगर में बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया वो अकेले थे। गर्मी का सीजन होने के चलते सड़क सुनसान थी। बताया जा रहा है की पूरी घटना के पीछे बदमाशों के मंडे गैंग वालों का हाथ हो सकता है। पुलिस जेल में बंद और पूर्व में मसूरी थानाक्षेत्र में घटना को अंजाम देने वाले बदमाशों की कुंडली खंगालने का काम शुरू कर चुकी है। इस मामले में खुद डीसीपी सिटी कुंवर ज्ञानंजय सिंह, एसीपी कवि नगर अभिषेक के साथ ही थाना प्रभारी योगेंद्र मलिक काम कर रहे हैं। वहीं क्राइम ब्रांच की स्वाट टीम को भी वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश पर शामिल कर दिया गया है।

सुनसान रास्ता और बदमाशों की सटीक जानकारी उठा रही है सवाल

करंट क्राइम : पुलिस के अनुसार घटना में बदमाशों ने सीधे पीड़ित मयंक राजपूत से कहा कि वह स्कूटी की डिग्गी खोलो, यानी यह शक जता रहा है कि बदमाशों को पता था कि डिग्गी के अंदर स्कूटी में कैश रखा हुआ है। तो वही पेट्रोल पंप का स्टाफ कह रहा है कि कैश प्रतिदिन इसी रास्ते से आता जाता था। संभावना है कि कोई बदमाश उसकी रेकी कर रहा हो। उधर पुलिस पीड़ित से भी पूछताछ कर रही है। साथ ही बदमाशों की सीसीटीवी फुटेज प्राप्त कर सर्विलांस की टीमों को भी लगा दिया गया है।

पेट्रोल पंप मालिक ने नहीं दिया था 25 लाख कैश वरना बढ़ जाती लूट की रकम

गाजियाबाद, करंट क्राइम : दैनिक करंट क्राइम को पुलिस सूत्रों और पूरी घटना की जांच में महत्वपूर्ण जानकारी हासिल हुई है। बताया जा रहा है कि पेट्रोल पंप के मालिक प्रेमांशु कौशिक अपने कैशियर मयंक राजपूत को सोमवार को लगभग 25 लाख रुपए कैश देने वाले थे। पेट्रोल पंप पर 2 दिन का कैश जमा था और वह इसे बैंक में डिपॉजिट कराने के लिए मयंक राजपूत से भेज रहे थे। सूत्र बता रहे हैं कि सोमवार को करीब 10 :30 बजे के आसपास नंदग्राम थाना पुलिस पेट्रोल पंप पहुंची थी और यहां स्टाफ से कहा गया था कि अगर अधिक कैश हो तो पुलिस को इसकी सूचना दे दें।

पीड़ित मयंक राजपूत और उसक स्कूटी

उधर मिली जानकारी के अनुसार मलिक ने 25 लाख रुपए का कैश जमा करने का प्लान बनाया था लेकिन अंतिम समय पर कुछ काम आ गया तो मलिक प्रेयांशु कौशिक ने कैशियर को केवल साढ़े नौ लाख रुपए ही कैश दिया वरना लूट की इस वारदात में रकम 25 लाख जा सकती थी। पूरी घटना के खुलासे के लिए दर्जनभर से अधिक पुलिसकर्मियों को लगा दिया गया है।

4 जून को मोदी जी की, भाजपा की, एनडीए की विजय निश्चित : अमित शाह

कुशीनगर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कुशीनगर में एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 4 जून को राहुल बाबा की पार्टी 40 और अखिलेश बाबू 4 भी पार नहीं कर पाएंगे। देश की जनता ने तय कर लिया है कि अगले 5 साल नरेंद्र मोदी जी ही प्रधानमंत्री रहेंगे। उन्होंने कहा कि 4 जून की दोपहर को आप देख लेना, राहुल बाबा के लोग प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और कहेंगे कि ईवीएम के कारण हम हारे हैं। हार का ठीकरा भी खड़गे साहब पर फूटेगा। छह चरण का मतदान समाप्त हो चुका है। मेरे पास 5 चरण का आंकड़ा है। पांच चरण में मोदी जी 310 सीटें पार कर चुके हैं। छठा चरण हो चुका है, सातवां होने वाला है, जिसमें आप लोगों को 400 पार कराना है। अमित शाह ने कहा कि आप सब जानते हैं कि 85 हजार करोड़ का सहारा का घपला किसके समय में हुआ था। अखिलेश बाबू, आपकी पार्टी सहारा के फंड से चलती थी, सहारा की लूट आपने चलने दी। नरेंद्र मोदी ने तो रिफंड देने की शुरूआत की है। कांग्रेस पार्टी कहती है कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, पीओके मत मांगिए। अरे राहुल बाबा, आपकी पार्टी एटम बम से डरती होगी, हम भाजपा वाले नहीं डरते। आज मैं यहां से कहकर जाता हूं कि पीओके भारत का था, है और हम इसे लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस 70 साल से राम जन्मभूमि के मामले को अटकाकर बैठे थे। मोदी जी ने 5 साल में ही केस भी जीता, भूमि पूजन भी किया और प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी। मोदी जी ने सिर्फ राम मंदिर ही नहीं, बल्कि औरंगजेब द्वारा तोड़ा गया काशी विश्वनाथ का मंदिर भी बनाया और सोमनाथ का मंदिर भी सोने का बन रहा है। वो समाजवादी पार्टी की ही सरकार थी, जिसने कार सेवकों पर गोलियां चलाई थी। ये चुनाव कारसेवकों पर गोली चलाने वालों और राम मंदिर बनाने वालों के बीच है। आप चिंता मत कीजिए, न ये जीतने वाले हैं और न हम ऐसा होने देंगे। उन्होंने कहा कि जब तक मोदी जी और भाजपा है, पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता। हम इस देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं आने देंगे। इन्होंने (इंडी गठबंधन) कर्नाटक और हैदराबाद में जो किया है, बंगाल में भी वही किया था, लेकिन, वहां (बंगाल) हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। मुस्लिम आरक्षण संविधान के अनुरूप नहीं है। अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए ये मुस्लिम आरक्षण की बात करते हैं। इसका सीधा खामियाजा पिछड़े वर्ग को भुगतना पड़ेगा। घमंडिया गठबंधन झूठ के आधार पर जीने वाले लोग हैं। इन्होंने कहा है कि हम मुस्लिम आरक्षण देंगे। अगर गलती से भी ये जीत गए, तो पिछड़ा, अति पिछड़ा और दलित का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को देने का काम करेंगे। अमित शाह ने कहा कि 38 चीनी मिलों की क्षमता में वृद्धि करने का काम योगी आदित्यनाथ जी की सरकार ने किया है। गन्ने की बुवाई का क्षेत्रफल भी 9 लाख हेक्टेयर बढ़ा है। 1995 से 2017 तक सपा-बसपा ने गन्ना किसानों को सिर्फ 23 हजार करोड़ रुपये का भुगतान किया था, जबकि, 2017 से 2024 तक 2 लाख 50 हजार करोड़ रुपये का भुगतान भाजपा की सरकार ने किया है। आज बहन मायावती और अखिलेश यादव से पूछना चाहता हूं कि कुशीनगर 'चीनी का कटोरा' नाम से प्रसिद्ध था, लेकिन आपके समय में 5-6 चीनी मिलें बंद हुईं। हमारी सरकार के समय में 20 चीनी मिलों को फिर से चालू करने का काम किया गया है। 4 जून को मोदी जी की, भाजपा की, एनडीए की विजय निश्चित है।

आजाद भारत में पंडित नेहरू से बड़ा नेता कोई नहीं: विजय चौधरी

गाजियाबाद ,करंट क्राइम। घंटाघर कंपनी बाग स्थित महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने कहा कि आजाद भारत को मजबूत भारत बनाने का काम देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने किया।

इस मौके पर उपस्थित पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज सहित दर्जनों कांग्रेसी नेताओं ने स्वर्गीय पंडित जवारलाल नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज ने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू जितना सम्मान और अहमियत कांग्रेस के नेताओं को देते थे उतना ही सम्मान वो विपक्ष के नेताओं को देते थे लेकिन अफसोस है कि आज की सरकार विपक्ष के नेताओं के विषय में गलत भाषा का प्रयोग कर उन्हें सरकारी एजंसियों के माध्यम से दबाना चाहती है। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश सचिव नसीम खान , ओबीसी जिलाध्यक्ष विजय पाल चौधरी, पीसीसी सदस्य , कांग्रेस नेता त्रिलोक सिंह,पूर्व पार्षद प्रत्याशी पीसीसी सदस्य राजा राम भारती , कांग्रेस सेवादल प्रदेश सचिव मुहम्मद हनीफ चीनी , वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बाबूराम शर्मा , कांग्रेस नेता आशिफ सिद्दीकी , युवक जिलाध्यक्ष सलमान मंसूरी , साहिबाबाद युवा कांग्रेस अध्यक्ष साहिल अब्बासी , कांग्रेस नेता इस्माइल खान , कांग्रेस नेता कुलभूषण मोनू, निखिल पाल , कांग्रेस नेता मुहम्मद कासिम , कांग्रेस नेता संजय सिरोही , विनोद कुमार शर्मा, राजकुमार शर्मा , हरी राम भारद्वाज , कांग्रेस नेता श्रीचंद दिवाकर, कांग्रेस नेता विनोद पंडित, पवन शर्मा , धीरेंद्र पाल और कुलभूषण शर्मा, डॉ. जाकिर आलम, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिराजुद्दीन, पूर्व महानगर उपाध्यक्ष अजीत सिंह, जितेंद्र सिंह, अल्पसंख्यक महानगर अध्यक्ष अली हसन आदि शामिल रहे।

मुरादनगर नगर पालिका लगाएगी 100 पीपल के पेड़

मुरादनगर, करंट क्राइम। नगर क्षेत्र में मेरा आंगन मेरी हरियाली कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. शैलेंद्र कुमार सिंह अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मुरादनगर द्वारा और दुर्गेश शर्मा ब्रांड एम्बेसडर नगर पालिका परिषद मुरादनगर जनपद गाजियाबाद ने 100 पीपल के पेड़ नगर पालिका क्षेत्र मुरादनगर में लगवाने और लगाने का संकल्प लिया और एक पीपल का पेड़ लगाकर इसकी

शुरूआत की। सभी लोगों से पेड़ लगाने की अपील भी की गई । दुर्गेश शर्मा का कहना है कि सभी को ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने चाहिए तभी गर्मी से बचाव किया जा सकता है।

वृद्ध का शव मिला

लोनी करंट क्राइम। दिल्ली सहारनपुर रोड पर लक्ष्मी गार्डन कॉलोनी के सामने बस स्टैंड के पास रविवार सुबह करीब 70 वर्षीय वृद्ध का शव मिला था। जिसकी अभी तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा शिनाख्त में मदद की अपील की है। दूसरी ओर बागराणप गांव के मंदिर में भी रविवार सुबह ही करीब70 वर्षीय अज्ञात वृद्धा का शव मिला था। उसकी भी अभी तक शिनाख्त नही हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनने नहीं जा रहे : राहुल गांधी

पटना। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को पटना साहिब के पार्टी प्रत्याशी अंशुल अविजित के समर्थन में बख्तियारपुर में आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान राहुल गांधी ने कहा कि इस बार तय है कि नरेंद्र मोदी जी हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नहीं बनने जा रहे हैं। यह चुनाव संविधान बचाने का चुनाव है। भाजपा अगर जीत गई तो संविधान फाड़कर फेंक देगी। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया में कोई शक्ति संविधान को छू भी नहीं सकती। उन्होंने कहा कि कांग्रेस गरीबों की लिस्ट बनाएगी। करोड़ों महिलाओं के नाम इस लिस्ट में होंगे। 5 जुलाई को इन करोड़ों महिलाओं के अकाउंट में हम 8,500 रुपए

डालेंगे, यानी साल में एक लाख रुपए हम देंगे। किसानों की आमदनी भी हम दोगुनी करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के एक इंटरव्यू को लेकर भी तंज कसते हुए कहा कि अब वे कहते हैं कि बड़े-बड़े फैसले मैं नहीं लेता, परमात्मा लेते हैं। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही पहला काम अग्निवीर योजना को फाड़कर कूड़े में डालने का होगा। उन्होंने इसे सरकार की थोपी हुई योजना बताते हुए कहा कि आर्मी भी ऐसी योजना नहीं चाहती। इंडिया गठबंधन दो तरीके के शहीद नहीं चाहता है। जवानों को मजदूर बना दिया गया है। यह संविधान है तभी किसानों, गरीबों, पिछड़ों, दलितों को हक मिल रहा है। इसके समाप्त होते ही इनका अधिकार छीन लिया जाएगा। उन्होंने जोर देकर कहा कि आशा और आंगनबाड़ी में काम करने वालों का मानदेय दोगुना किया जाएगा। मैंने पता किया है कि देश में सरकारी नौकरी के 30 लाख पद खाली हैं, हमारी योजना इन सभी पदों को भरने की है। पिछली सरकार जिस तरह मनरेगा लाई थी।

वार्ड 83 के पार्कों में बच्चों के लिए लगाए गए आकर्षक झूले: प्रवीण भाटी

साहिबाबाद ,करंट क्राइम। लोगों को सैर के लिए एक अच्छे पार्क की जरूरत होती है। पार्क में बड़ों के अलावा बच्चे भी सैर के लिए जाते हैं। श्यामपार्क एक्टेंशन वार्ड 83 के अंतर्गत कई पार्कों में बच्चों के लिए आकर्षक झूले लगाए जा रहे हैं। पार्षद प्रतिनिधि प्रवीण भाटी बताते हैं कि झूलों के लगने से बच्चे तो खुश हैं ही, साथ ही हरियाली की हिफाजत भी हो रही है। झूले नहीं

होने पर बच्चे पार्क में खुली जगह पर खेलने लगते हैं। खेलने के दौरान सैर कर रहे लोगों को चोट लगने का भी डर बना रहता है। खेलकूद से जुड़ी गतिविधियों के दौरान हरियाली को भी नुकसान पहुंचता है। इस बात को देखते हुए ही झूलों का इंतजाम किया गया है। ये झूले महावीर पार्क, व अन्य जगहों पर लगाए जा रहे हैं। इसके अलावा एक पार्क में ओपन जिम लगाया जा रहा है। वह बताते हैं कि पार्कों के विकास के अलावा क्षेत्र में रोशनी का इंतजाम भी उनकी प्राथमिकता है। आरडब्ल्यूए अध्यक्ष एमएल गोस्वामी से संपर्क कर वार्ड में ऐसे स्थानों को चिह्नित किया जा रहा है, जहां जरूरत के बावजूद स्ट्रीट लाइट के खंभे नहीं हैं या ऐसे खंभे हैं, जिनमें बल्व नहीं उनमें बल्व की व्यवस्था की जाएगी।

वेद विहार में बिजली के शॉट सर्किट से लगी आग

लोनी करंट क्राइम। एसएलएफ वेद विहार कॉलोनी में सोमवार शाम बिजली के शॉट सर्किट से चार मंजिला भवन के भूतल पर पार्किंग में लगे मीटर बोर्ड में आग लग गई जिसमें वहां खडी एक बाइक जल गई। स्थानीय लोगों तथा फायर बिग्रेड द्वारा समय रहते आग पर काबू पाने से बडी घटना टल गई। अंकुर विहार थाने की एसएलएफ वेद विहार कॉलोनी में सोमवार शाम करीब 4.30 बजे एकता सोसायटी के चार मंजिला भवन के भूतल पर बनी पार्किंग में लगे मीटर बोर्ड में बिजली के शॉट सर्किट से आग लग गई। आग ने वहां खडी एक बाइक को चपेट में ले लिया। जिससे आग भडक गई। आस पास के लोगों ने फायर बिग्रेड को सूचना दी तथा आग पर पानी आदि डालना शूरु किया। कुछ ही देर में ट्रॉनिका सिटी से फायर बिग्रेड की एक गाडी मौके पर पहुंच गई। फायर कर्मियों और लोगों के प्रयास से आग भडक नही सकी और कुछ देर में ही उस पर काबू पा लिया गया जिससे पार्किंग में खडे अन्य वाहन बच गए और चार मंजिला भवन भी आगजनी की बडी घटना से बच गया।

मल्टी स्टोरी भवनों में आगजनी से बचाव का नही है कोई इंतजाम

करंट क्राइम। बता दें कि डीएलएफ अंकुर विहार तथा एसएलएफ वेदविहार में मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनी हुई हैं जिनमें बिल्डरों ने लोगों को फ्लैट बेचे हुए हैं। सभी बिल्डिंगों के भूतल पर पार्किंग और वहीं बिजली के मीटर लगे हुए हैं। अक्सर मीटर बोर्ड में बिजली के शॉट सर्किट से चिंगारियां निकलती है और वहां खडे वाहनों पर गिरती हैं। जिससे वाहनों में आग लग जाती है तथा ऊपर फ्लैटों तक पहुंच जाती है। जिसमें लोगों की मौत भी हो जाती है। पहले भी ऐसे ही आगजनी के कई मामलों में कई लोगों की मौत हो चुकी है, लेकिन इसके बाद भी पार्किंग से मीटर बोर्ड को हटवाने की कोई व्यवस्था नही की गई है। सोमवार को भी एसएलएफ वेदविहार में लोगों की सूझबूझ से आगजनी की बडी घटना टल गई है, अन्यथा वहां बडा हादसा हो सकता था।

अजबपुर प्राथमिक विद्यालय में सात दिवसीय समर कैंप का समापन

मुरादनगर ,करंट क्राइम। प्राथमिक विद्यालय अजबपुर मंगावली में प्रभारी प्रधानाध्यापिका सुमन की अध्यक्षता में सात दिवसीय समर कैंप का समापन किया गया। कैंप समापन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी यादव, खंड शिक्षा अधिकारी जमुना प्रसाद, ग्राम प्रधान विनोद कुमार, विद्युत विभाग से एसडीओ अखिलेश गिरी, अभिभावक व बच्चे शामिल हुए। फुलवारी बच्चों की समर कैंप में चार जनपदों की शिक्षिका रूसी गुप्ता जनपद गौतम बुद्धनगर, तृप्ति त्यागी व ममता चौधरी जनपद हापुड़, मोनिका शर्मा व प्राची गौड जनपद अलीगढ़,ममता खन्ना, कुसुम त्यागी व पुष्पांजलि सिंह, नीलम शर्मा ने मिलकर इतिहास रचा ' बच्चों को वैदिक गणित की ट्रिक से चुटकियों में सवाल हल करने सिखाए गए। बच्चों और राहगीरों को प्रकृति की गोद में बैठकर आउटडोर एक्टिविटी कराई गई। चल रही है गर्म हवाएं बचने के

लिए करें उपाय. इस थीम पर छात्रों और शिक्षिकाओं ने नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरूक किया '। आत्मरक्षा है जरूरी जिसके लिए छात्र छात्राओं को जूडो कराटे का प्रशिक्षण दिया गया ' छात्रों को सब की सहायता करने और सेवा भाव करने की सीख दी, बच्चों को स्वावलंबी बनाने के लिए आर्ट एंड क्राफ्ट मेहंदी सिलाई जूट से बनी वस्तुएं आदि बनानी सिखाई गई ' पर्यावरण संरक्षण हेतु कपड़ों के 101 कपड़े के थैले बनाए व सिंगल यूज प्लास्टिक का री यूज कर अनेकों सामान बनाने सीखें ' जिंदगी की रेस में आगे बढ़ाने के लिए दिमागी कसरत के खेल खिलाए गए। अंतिम दिवस पर छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए कार्यों की प्रदर्शनी लगाकर छात्रों ने बहुत सुंदर प्रस्तुति दी ' सभी अतिथियों द्वारा छात्रों एवं शिक्षिकाओं द्वारा कराए गए कार्य की प्रशंसा की गई।

सु-कैम ने कराया मेगा मीट का आयोजन

साहिबाबाद ,करंट क्राइम। सु-कैम पावर सिस्टम्स लिमिटेड ने अपने अधिकृत वितरक, जय बालाजी एंटरप्राइजेज के सहयोग से इंपीरियल गार्डन, गोविंदपुरम हापुड़ रोड पर एक मेगा चैनल पार्टनर्स मीट का आयोजन किया।

इस मीट में क्षेत्र से भाग लेने वाले 300 से अधिक व्यापारियों ने भाग लिया। मजबूत व्यापार को बढ़ावा देने और क्षेत्र में विस्तार करने के लिए सु-कैम की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। इस कार्यक्रम ने सु-कैम की नवीनतम उत्पाद श्रृंखला और भविष्य की योजनाओं पर गहन चर्चा और प्रस्तुतियों के लिए मंच भी तैयार किया। सेल्स हेड अशोक चौधरी ने कहा कि चैनल पार्टनर्स मीट ने हमारे सम्मानित साझेदारों, जय बालाजी एंटरप्राइजेज और व्यापक डीलर नेटवर्क के साथ जुड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य किया। इसने हमारे नवीनतम उत्पाद लाइन-अप को पेश करने और हमारे दूरंदेशी रणनीतिक रोडमैप पर विचार-विमर्श करने का एक मूल्यवान अवसर

प्रदान किया। कार्यक्रम में जय बालाजी इंटरप्राइजेज के प्रमुख प्रतिनिधि अर्पित मोदी भी उपस्थित रहे। बिजनेस पार्टनर के रूप में अपने अनुभव और भविष्य के दृष्टिकोण पर अंतर्दृष्टि साझा करते हुए अर्पित मोदी ने कहा कि हम गाजियाबाद में अधिकृत वितरक के रूप में सु-कैम पावर सिस्टम्स के साथ साझेदारी करके प्रसन्न हैं।

इकरामनगर कॉलोनी के लोगों ने बिजली कार्यालय पर प्रदर्शन किया

तीन दिन से फुंका पड़ा है ट्रांसफार्मर

लोनी करंट क्राइम। बदन झुलसा देनी वाली गर्मी में तीन दिनों से बिना बिजली तिलमिला रहे इकरामनगर कॉलोनी के लोगों का गुस्सा सोमवार को फूट पडा। दर्जनों आक्रोशित कॉलोनीवासियों ने अधिशासी अभियंता कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन किया। प्रर्दशनकारी अविलम्ब फुंका ट्रांसफार्मर, जल चुकी लीड और जर्जर विद्युत लाइन बदलवाने की मांग कर रहे थे। करीब डेढ घंटे बाद अधिशासी अभियंता अपने कार्यालय पहुंचे और मंगलवार से काम शुरू कराने का आश्वासन दिया जिसके बाद लोगों का गुस्सा शांत हुआ।

गौरतलब है कि ओवरलोडिंग के कारण इकरामनगर कॉलोनी की चर्च वाली गली में रखा 400 केवी का विद्युत ट्रांसफार्मर तथा लीड शुक्रवार अलसुबह फुंक गई थी जिसके बाद से कॉलोनी की विद्युत आपूर्ति बंद है। बदन झुलसा देने वाली गर्मी में करीब 600 परिवार बिना बिजली के तिलमिला रहे हैं। 25, 50 और 100 वर्ग के कई कई मंजिला मकानों में जीवन यापन कर रहे लोगों का बुरा हाल है। सबसे बडी समस्या पेयजल की है। पहले कॉलोनी में सरकारी हैंडपम्प लगे थे, लेकिन गत कई वर्षों से लगभग सभी हैंडपम्प ठप्प पडे हैं और सभी लोग समर्सिबल के पानी पर निर्भर हैं, लेकिन बिजली के बिना समर्सिबल ठप्प पडे हैं। कुछ लोगों ने आस पास के लोगों के जनरेटर से बिजली मांगकर अपनी टंकिया भर ली हैं, लेकिन अधिकांश लोग पेयजल की किल्लत से जूझ रहे हैं। मोबाइल चार्जिंग जैसी जरुरते भी पूरी नही हो पा रही है। जिसके कारण लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है।

विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता ने ट्रांसफार्मर बदलवाने का आश्वासन दिया था, लेकिन शनिवार और रविवार रात तक ट्रांसफार्मर बदलवाने का आश्वासन भी झूठा निकला। जिस पर सोमवार को कॉलोनीवासी आक्रोशित हो गए और दोपहर करीब 12 बजे दर्जनों गुस्साए कॉलोनीवासी रूपनगर स्थित अधिशासी अभियंता कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन करने लगे। प्रदर्शनकारियों की मांग थी कि अविलम्ब फुंका ट्रांसफार्मर बदला जाए तथा उसकी क्षमता बढाई जाए।

कांग्रेस ने किया स्पष्ट, वह देश को टुकड़े-टुकड़े करने की रखती है भावना : मनोज तिवारी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के सांसद मनोज तिवारी ने बिहार की राजधानी पटना में सोमवार को मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर जोरदार निशाना साधा। उन्होंने उत्तर पूर्वी दिल्ली से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी कन्हैया कुमार के खिलाफ चुनाव लड़ने पर कहा कि उनका बोरिया-बिस्तर बंध गया है, वह 40 दिन के टूर पर आए थे। उन्होंने पूरे देश में कांग्रेस का बेड़ा गर्क करके रख दिया है। कांग्रेस ने कन्हैया कुमार को अपना प्रत्याशी बनाकर बता दिया है कि यह लोग देश को टुकड़े-टुकड़े करने की भावना रखते हैं। हर घर से अफजल जैसे आतंकवादी निकालने की भावना रखते हैं। चुनाव के दिन भी आधा दिन में ही वह अपना टिकट कटाकर भाग गए। दिल्ली में सातों सीट पीएम मोदी के पक्ष में है। देश के हर कोने में जाना है और कमल खिलाना है, 400 पार कराना है। मनोज तिवारी ने कहा कि काराकाट लोकसभा सीट पर भी कमल खिलेगा। यहां से पीएम मोदी के सिपाही, हमारे साथी जो हैं, वह जीतेंगे। राहुल गांधी के बिहार दौरे पर मनोज तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी इस देश में हिंदुओं की संपत्ति को छीनकर एक विशेष वर्ग को देना चाहते हैं। देश के टुकड़े-टुकड़े करने वालों को अपना प्रत्याशी बनाकर घूम रहे हैं और सच्चाई है कि राहुल गांधी की जो कांग्रेस है, वह अब माओवादी कम्युनिस्ट कांग्रेस रह गई है। कांग्रेस के लोग पार्टी छोड़-छोड़कर जा रहे हैं। पीएम मोदी के बिहार दौरे पर तेजस्वी यादव के बयान को लेकर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने जो भारत का वैभव बढ़ाया है, नरेंद्र मोदी ने जो गौरव बढ़ाया है, उनके लिए नारे लग रहे हैं। जिसने भारत के गर्व को बढ़ाया उस मोदी को लाना है। जिसने घर-घर इज्जत घर बनवाया, उस मोदी को लाना है। जिसने घर-घर गैस कनेक्शन भिजवाई, उस मोदी को लाना है, जिसने आर्टिकल 370 हटवाया और राम मंदिर बनवाया, उस मोदी को लाना है। सेना को राफेल दिलवाया, उस मोदी को लाना है। 400 पार हो रहा है, कल ही पता चला 360 हो चुका है। अंतिम चरण में 400 पार हो जाएगा। ऐसा मेरा विश्वास है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सुप्रीम कोर्ट से सात दिन की अंतरिम जमानत और बढ़ाने की बात पर उन्होंने कहा कि इतना कालिख पोतकर कोई आदमी इतना बेशर्म होगा, लाज-शर्म सब खत्म कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह चोर है, यह आदमी फ्रस्ट्रेशन में आ गया है। एक महिला जो कि सांसद है, उसे सीएम आवास में ही पिटवाया जाता है, पटक-पटककर मारा जाता है। इसके बाद भी केजरीवाल आरोपी के पक्ष में जाकर सड़क पर खड़े हो गए। अरविंद केजरीवाल को दिल्ली की जनता ने अपने नजर और अपने दिल से भी गिरा दिया है।

तटीय बंगाल में चक्रवात रेमल पड़ा कमजोर, पर हाई अलर्ट जारी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के कुछ इलाकों में मध्यम प्रभाव डालने के बाद चक्रवात रेमल कमजोर होकर 'चक्रवाती तूफान' में बदल गया है। मौसम विभाग ने सोमवार को इसके और कमजोर होने की संभावना जताई है। मौसम विभाग की भारी से बहुत भारी₹ बारिश की भविष्यवाणी के बाद प्रशासन हाई अलर्ट पर है।

रविवार की रात तूफान के दौरान उत्तरी कोलकाता में एक जर्जर इमारत की दीवार गिरने से एक व्यक्ति की मौत के अलावा, और किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि तूफान के कारण राज्य के तटीय इलाकों में कई पेड़ उखड़ गए और मिट्टी के घर ढह गए। उन्होंने बताया कि एक लाख से अधिक लोगों को तटीय इलाकों से निकाला गया है। राज्य की राजधानी कोलकाता में पेड़ उखड़ गए और बिजली के तार टूट गए। लेकिन प्रशासन की तत्परता के कारण बिजली आपूर्ति या इंटरनेट सेवाओं पर कोई खास प्रभाव नहीं पड़ा। खबर लिख जाने तक कोलकाता की कुछ सड़कों पर पानी भरा हुआ था। सोमवार सुबह छिटपुट बारिश हुई, लेकिन हवा की गति सामान्य रही। हालांकि, राज्य के कुछ तटीय इलाकों में हवा की गति काफी तेज थी। तूफान के कारण सियालदह कोलकाता के दक्षिणी डिवीजन में लोकल ट्रेन सेवा प्रभावित हुई। यह रविवार रात से लगभग 10 घंटे तक रुकी रही। सोमवार सुबह 9 बजे के बाद से फिर शुरू हुई।

संबंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र संदीप कुमार व पुत्रवधू मीनू को उनके गलत व्यवहार के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक अनैतिक कार्यों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

प्रार्थिनी
श्रीमती रेशम देवी पत्नी स्वर्गीय श्री रिषिपाल उर्फ रमेश निवासी- हसनपुर, भौवापुर, मकान नंबर- 315,अंबेडकर कॉलोनी, थाना-कौशांबी, जिला- गाजियाबाद

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली ।। मंगलवार 28 मई -2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

पार्षद प्रकरण डे 6

पार्षदों ने लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर से की मुलाकात समर्थन में आया स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ

गाजियाबाद, करंट क्राइम : वार्ड-28 के पार्षद सुधीर कुमार की गंभीर धाराओं में गिरफ्तारी का मामला शांत नहीं हो रहा है। पार्षद की गिरफ्तारी प्रकरण में सोमवार को छठवां दिन था। सोमवार को पार्षदों के एक दल ने पीड़ित सुधीर की पत्नी स्वाति के साथ लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर से गाजियाबाद कचहरी में मुलाकात की और पूरे मामले में उनसे समर्थन मांगा। उधर जानकारी मिली है कि विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने इस दौरान पार्षदों को और बाल्मीकि समाज के लोगों को इस पूरे मामले में अपना समर्थन दिया है।

साथ ही कहा है कि इस मामले को लेकर उनको अगर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने पेश होना पड़ेगा, तो वह उसमें भी पीछे नहीं हटेंगे। उधर पार्षद सुधीर के समर्थन में वाल्मीकि समाज भी खुलकर सामने आ गया है। स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ उत्तर प्रदेश के महानगर अध्यक्ष प्रवीण गहलौत वाल्मीकि और महानगर महामंत्री राजेंद्र गौड़ वाल्मीकि ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें पार्षद सुधीर वाल्मीकि को पुलिस उत्पीड़न का शिकार बनाने वाले एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय को कार्य मुक्त किए जाने की मांग की गई है। इसके साथ ही वाल्मीकि समाज ने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में पुलिस की कार्यशैली और पूरे प्रकरण पर एक तरफा कार्रवाई करने का आरोप भी लगाया है। इसके साथ ही इन लोगों का कहना है कि जिस तरीके से एक जनप्रतिनिधि के साथ पुलिस ने व्यवहार किया है वह भी निंदनीय है। उधर जानकारी यह मिली है कि सोमवार को गाजियाबाद कोर्ट में अधिवक्ता की मृत्यु के बाद कामकाज नहीं हुआ, जिस वजह से पार्षद सुधीर के मामले में सुनवाई भी नहीं हो सकी है।

कोर्ट में हड़ताल की वजह से नहीं हो पाई मामले में सुनवाई

विधायक नंदकिशोर बोले मैं सुधीर के साथ हूं

करंट क्राइम : सोमवार को पार्षद सुधीर की पत्नी स्वाति वाल्मीकि समाज के पार्षद यशपाल पहलवान और अन्य लोगों के साथ लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर से मिलने पहुंची थी। उन्होंने नंदकिशोर गुर्जर से समय लिया तो नंद किशोर गुर्जर ने बताया कि वह कोर्ट में ही मौजूद है और यही मुलाकात कर लेंगे। जिसके बाद वाल्मीकि समाज के लोग और पार्षद यशपाल पहलवान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल विधायक नंदकिशोर गुर्जर से मिला। इस दौरान विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा है कि वह वाल्मीकि समाज के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे और उन्होंने कहा है कि अगर इस पूरे प्रकरण में आवश्यकता पड़ेगी तो वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी समय लेकर इस विषय को उनके समक्ष बात रखने का काम करेंगे। इस दौरान पार्षद यशपाल पहलवान ने कहा है कि जिस प्रकार से पुलिस के अधिकारी उनकी बात नहीं सुन रहे हैं, और एक पक्षीय कार्रवाई हो रही है, तो यह ठीक नहीं है। आने वाले दिनों में नगर निगम के 100 पार्षद सुधीर कुमार के समर्थन में पुलिस के अधिकारी के घर शहर का कूड़ा डालने का काम करेंगे। इसकी जिम्मेदारी भी पुलिस की ही रहेगी।

'आवश्यकता पड़ी तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष भी इस विषय को रखेंगे'

यह था पूरा मामला

करंट क्राइम। राम उदगम यादव और सीता देवी गाजियाबाद में वर्ल्ड स्कॉयर मॉल की सर्विस रोड पर खोखे में कोल्ड ड्रिंक, पानी बोतल, नमकीन बेचते हैं। सीता के मुताबिक, 19 मई की रात पार्षद सुधीर कुमार, उनके भाई संदीप कुमार आए। उन्होंने कुछ सामान खरीदा और पैसे नहीं दिए। मैंने पैसे मांगे तो पार्षद ने फोन करके अपने कुछ समर्थक बुलवा लिए। उन सभी ने खोखे को तहस-नहस कर डाला और हमारे साथ मारपीट करते हुए तीन हजार रुपए लूटकर ले गए। सीता की शिकायत पर थाना साहिबाबाद पुलिस ने गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज करते हुए मुख्य आरोपी पार्षद सुधीर कुमार को 21 मई को गिरफ्तार कर लिया और भेजा।

निकाय सफाई मजदूर संघ ने सौंपा ज्ञापन

करंट क्राइम : सोमवार को स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ उत्तर प्रदेश के बैनर तले मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि पार्षद सुधीर वाल्मीकि का जिस प्रकार से उत्पीड़न किया जा रहा है इस मामले में एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय को तत्काल कार्य मुक्त किया जाए। इसके साथ ही थाना प्रभारी साहिबाबाद, चौकी प्रभारी मोहन नगर पर भी कार्रवाई हो। इस पूरे मामले में सुधीर की पत्नी स्वाति की शिकायत के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर अन्य आरोपियों पर कार्रवाई करें। सोमवार को स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ उत्तर प्रदेश के महानगर अध्यक्ष गाजियाबाद प्रवीण गहलोत वाल्मीकि और महामंत्री महानगर राजेंद्र गौड़ वाल्मीकि के साथ ही प्रदीप गहलौत, लखन वाल्मीकि, आजाद, नीरज वाल्मीकि, गौरव वाल्मीकि, विपिन वाल्मीकि, सन्नी, शक्ति जीनवाल, प्रवीण गहलौत सहित समस्त वाल्मीकि समाज गाजियाबाद उत्तर प्रदेश ने एक ज्ञापन एसीपी नंदग्राम रवि सिंह व सिहानी गेट थाना प्रभारी रविंद्र व अन्य उपस्थित अधिकारियों को सौंपा है।

ज्ञापन में मांग की गई है कि एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय को तत्काल कार्य मुक्त किया जाए

पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने कहा भाजपा जनप्रतिनिधियों में है एकता

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। राजेन्द्र त्यागी पांच बार पार्षद रहे हैं, निगम एक्ट के जानकार हैं। सीनियर पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने साफ कहा कि हमारे जनप्रतिनिधियों में एकता नहीं है और सभी में तालमेल की कमी है। आज जो कुछ पार्षद के साथ हुआ है कल किसी विधायक के साथ भी होगा। यहां पर राजेन्द्र त्यागी ने कहा कि मेरा कहने का यह बिल्कुल मतलब नहीं है कि कोई पार्षद किसी से अभ्रदता करे लेकिन पुलिस ने भी एफआईआर दर्ज करने में जल्दबाजी की। जांच के बाद भी ये मुकदमा दर्ज हो सकता था। यदि जनप्रतिनिधियों में एकता होती तो यहां पर एक कैबीनेट मंत्री हैं एक राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हैं। उन्होंने माना कि वह चुनाव को लेकर जिले के बाहर हैं मगर वो इस मामले को गंभीर लेते तो मुख्यमंत्री को फोन पर अवगत करा सकते थे। अगर जनप्रतिनिधि एकजुट रहेंगे तो अधिकारी भी कूल रहेंगे।

आज पार्षद का नंबर आया है कल विधायक भी तैयार रहें

महापौर प्रथम नागरिक, कायम रहे उनका सम्मान : आशा शर्मा

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर निगम प्रकरण को लेकर करंट क्राइम ने पूर्व मेयर आशा शर्मा से बात की। आशा शर्मा एक ऐसी नेता है जिन्होंने निगम के पार्षद से लेकर निगम के मेयर तक का कार्यभार संभाला है। निगम के वार्ड की समस्याओं को भी वो जानती हैं और मेयर वाली चेयर की गरीमा भी उन्हें पता है। नगर निगम के प्रकरण पर उन्होंने कहा कि सबसे पहली बात तो ये कि हमें अपनी गलती स्वीकार करना सीखना चाहिए। आपस में तालमेल होना चाहिए। विवाद कितना भी बड़ा हो अंत में समझौता ही होता है। लेकिन पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को ये ध्यान रखना चाहिए कि महापौर बड़ा होता है और महापौर महानगर की प्रथम नागरिक हैं। वो जनप्रतिनिधि हैं और उनका सम्मान सर्वोपरि है। वहीं पूर्व मेयर आशा शर्मा ने कहा कि पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी जनप्रतिनिधियों से बात करते समय अपना लहजा शालीन रखें। जनप्रतिनिधि सरकार के नुमाइंदे हैं। उन्होंने कहा कि इसका समाधान होना चाहिए और धरना कोई समाधान नहीं है। अपनी ही सरकार के खिलाफ धरना नहीं होना चाहिए बल्कि अपनी सरकार में अपनी बात को रखा जाना चाहिए। निगम सुचारू रूप से चले इसके लिए निगम पार्षद निगम कर्मचारी, मेयर और अधिकारियों के बीच तालमेल होना जरूरी है।

'सबसे पहली बात तो ये कि हमें अपनी गलती स्वीकार करना सीखना चाहिए।'

नगर निगम के घमासान में भगवा चाणक्य के पास ही है समाधान

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कर दी इस विवाद को सुलझाने की राहें आसान

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मामला भले ही नगर निगम का है लेकिन विधानसभा साहिबाबाद है। मामला निगम पार्षद और पुलिस के बीच का है लेकिन इसमें बिरादरी ऐंगल भी आता है और जिस तरह से अब ये मामला आगे बढ़ रहा है उससे इस बात की प्रबल संभावना बन गई है कि इस मामले को भाजपा के विधायक दल के चाणक्य कहे जाने वाले कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा ही समाधान करायेंगे। मामला पहले ही अब लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर के पास पहुंच गया है। मामला उससे पहले कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा के पास पहुंचा हुआ है और बताते है कि घटनाक्रम इस तरह से चला है कि मामला अब सुलझने की ओर है। माना जा रहा है कि मंगलवार को निगम पार्षद सुधीर कुमार की बेल हो सकती है। वहीं बताया जाता है कि दो दिन पहले नगर निगम सभागार में बैठक के बाद ये तय हुआ था कि दस लोगों का एक डेलीगेशन बना दिया जाये और इसी में तय हुआ कि कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा के पास इस मामले को ले जाया जाये। ये प्रस्ताव प्रदीप चौहान ने रखा और पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने भी इसका समर्थन किया। इसके बाद कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा से पार्षदों ने टाइम लिया और कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा ने पार्षदों से मुलाकात की। बताते हैं कि यहां कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा ने इंसाफ की बात की और कहा कि पार्षद के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ लेकिन दूसरे पक्ष पर एससी एक्ट पर मुकदमा दर्ज कराने की बात गलत है मैं ऐसा नहीं होने दूंगा। मैं पार्षदों की इस बात के साथ हूं कि थानेदार को हटाया जाये और मेयर का सम्मान सर्वोपरि है और मेयर के साथ पुलिस अधिकारी का व्यवहार कहीं से भी उचित नहीं माना जा सकता। बताया जाता है कि बडे पुलिस अधिकारी और कैबीनेट मंत्री के बीच बातचीत हो चुकी है। पुलिस अधिकारी ने भी अपना पक्ष रखा है और इधर पार्षद और दूसरे पक्ष के बीच विवाद को सुलझाने की बात हो गई है।

मंगलवार को हो जायेगा इस पूरे विवाद का मंगल समाधान

करंट क्राइम। नगर निगम के मामले में विधायकों की एन्ट्री हो गई। कैबीनेट मंत्री और साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा ने जहां बडे पुलिस अधिकारी से बात की वहीं पार्षद सुधीर का परिवार भी कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा से मिला। वहीं ये सहमति बनी जो हुआ सो हुआ और दूसरा पक्ष भी आ गया। अब सूत्र बताते हैं कि कैबीनेट मंत्री सुनील शर्मा और नामित पार्षद प्रदीप चौहान के प्रयासों से ये विवाद सुलझने की ओर है। दोनों पक्षों के बीच सहमति बन गई है। यदि मंगलवार को सबकुछ ठीक रहा तो इस समस्या का मंगल समाधान हो जायेगा। पार्षद की जमानत हो जायेगी और वो जेल से बाहर आ जायेगा और इस तरह से ये आंदोलन समाप्त होगा।

4 जून को अनाज मंडी के बाहर कांग्रेस मनाएगी जीत का जश्न

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मतगणना से पहले जहां भाजपा का निगम दल एक मामले को लेकर उलझ रहा है। वहीं भाजपा के विधायक और संगठन पदाधिकारी भी अन्य जिलों में चुनाव प्रचार के लिए गये हैं।

जीत के दावे सभी कर रहे हैं और इन दावों के बीच कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने कहा कि भाजपा अपने मार्जिन को कभी घटाती है कभी कम करती है जबकि हकीकत ये है कि भाजपा ये चुनाव हार चुकी है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस इस सीट को 2 लाख वोटों से जीत रही है। विजय चौधरी ने अपने दावे के समर्थन में कहा कि कांग्रेस को हर वर्ग, हर धर्म, हर जाति का वोट मिला है। सभी के वोट से सभी के सपोर्ट से कांग्रेस यहां जीत हासिल करने जा रही है। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने दावा किया कि 4 जून को गाजियाबाद की गोविन्दपुरम अनाजमंडी के बाहर कांग्रेस पार्टी लोकसभा जीत का जश्न मनायेगी।

उन्होंने दावा कि कांग्रेस उम्मीदवार डॉली शर्मा कम से कम 2 लाख वोटों से चुनाव जीत रहीं हैं।

विजय चौधरी का दावा 2 लाख वोटों से चुनाव जीत चुकी है गाजियाबाद में कांग्रेस

अपहरण का षड्यंत्र रचने वाले युवक को पुलिस ने दिल्ली से किया बरामद

- घर वालों से लिया था शेयर बाजार में लगाने के लिए एक लाख रुपये कैश।
- कवि नगर पुलिस ने दिल्ली के होटल से किया सकुशल बरामद

गाजियाबाद, करंट क्राइम। कवि नगर थाना पुलिस ने लगभग 18 घंटे में अपहरण और फिरौती के मामले का खुलासा करते हुए युवक को सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि अभिषेक नाम के युवक ने पहले अपने अपहरण और फिर फिरौती की डिमांड के झूठे मैसेज और कॉल करके षड्यंत्र रचा था। बताया जा रहा है कि उसने अपने घर वालों से एक लाख रुपये कैश शेयर बाजार में लगाने के लिए लिए थे लेकिन वह उससे कहीं खर्च हो गए। इसके बाद उसने यह पूरा नाटक रचा था। पुलिस ने इस मामले में जांच पड़ताल के बाद युवक को उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। साथ ही परिजनों और युवक को फटकार भी लगाई गई है।

अपहरण की शिकायत पर मच गया था हड़कंप

करंट क्राइम। एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया है कि कवि नगर थानाक्षेत्र में रहने वाले अरुण कुमार ने अपने पुत्र अभिषेक को एक वैन में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अपहरण और रास्ते से फिरौती की मांग करने के लिए बेटे से पैसे ट्रांसफर में अकाउंट करने के संबंध में सूचना दी थी। पुलिस ने इस मामले में तत्काल अपहरण का मामला दर्ज करते हुए टीमों का गठित किया है। पुलिस ने अभिषेक के मोबाइल फोन की लोकेशन दिल्ली में मिलने के बाद एक होटल में छापा मारा, जहां वह कमरे के भीतर मिला। होटल स्टाफ ने बताया कि उसने यह कमरा खुद ऑनलाइन बुक किया था। पुलिस ने आरोपी अभिषेक को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

रात भर होटल और स्टेशन की लोकेशन जांचती रही पुलिस

करंट क्राइम। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि पूरे मामले में जब अपहरण और फिरौती की जानकारी पुलिस के अधिकारियों को मिली, तो मुकदमा दर्ज करते हुए क्राइम टीम को लगा दिया गया। पुलिस ने बताया है कि आरोपी व संदिग्ध परिस्थितियों में गायब अभिषेक में खुद ही फिरौती वाला फर्जी मैसेज और कॉल की थी। ना तो किसी ने उसके अकाउंट से पैसे लिए थे और ना ही उसका अपहरण हुआ। फिलहाल युवक की सकुशल बरामदगी के बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली है।

संपादकीय

कंक्रीट से ढंकती पृथ्वी

यह जगजाहिर है कि जलवायु परिवर्तन की वजह से वैश्विक ताप बढ़ रहा है। हर वर्ष तापमान में कुछ और बढ़ोतरी दर्ज होने लगी है। गर्मी का मौसम लंबा होने लगा है। सर्दी में भी गर्मी का असर दिखता है। दुनिया के बहुत सारे इलाके जो पहले बर्फ से ढके रहते थे, लू के थपेड़े सहने को मजबूर हो चुके हैं। लू की वजह से लोगों की जान भी खतरे में पड़ रही है। इसलिए हर वर्ष जलवायु परिवर्तन के खतरों से निपटने के लिए आयोजित होने वाली बैठक में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के संकल्प लिए जाते हैं मगर हकीकत यह है कि इस दिशा में कोई उल्लेखनीय नतीजा दर्ज नहीं हो पा रहा है। चिंता जताई जा रही है कि अगर तापमान में बढ़ोतरी डेढ़ डिग्री सेल्सियस से पार गया, तो दुनिया के सामने विनाश का भयावह मंजर नजर आने लगेगा। इस संकल्प पर दृढ़ता से आगे बढ़ने की अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखती। अमीर देश कार्बन उत्सर्जन में कटौती की जिम्मेदारियां गरीब और विकासशील देशों के कंधों पर डाल कर इस समस्या से निजात पाने का सपना देख रहे हैं। छिपी बात नहीं है कि कार्बन उत्सर्जन के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार वे देश हैं, जो औद्योगिक उत्पादन अधिक करते हैं, जहां जैव ईंधन का इस्तेमाल ज्यादा होता है। उनसे अपेक्षा की जाती है कि जैव ईंधन के उपयोग में कटौती और ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों पर अपनी निर्भरता बढ़ाएं, मगर ऐसा हो नहीं पा रहा।

पृथ्वी की सतह का बड़ा हिस्सा कंक्रीट से ढंक गया है। इसमें आम नागरिकों का भी योगदान अपेक्षित है। खासकर भारत जैसे विकसित हो रहे देश में, जहां गाड़ियों और औद्योगिक इकाइयों का तेजी से विस्तार हो रहा है। घरों, दफ्तरों, निजी और सार्वजनिक वाहनों या फिर गोदामों आदि को जिस तरह वातानुकूलित बनाने पर जोर दिया जा रहा है, वैसी स्थिति में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाना चुनौती बनता गया है। ऊपर से बुनियादी ढांचे के विकास पर अधिक जोर होने की वजह से जंगलों की अंधाधुंध कटाई हो रही है, पृथ्वी की सतह का बड़ा हिस्सा कंक्रीट से ढंकता गया है। ऐसे में कार्बन और गर्मी को अवशोषित करने के नैसर्गिक माध्यम सिकुड़ते गए हैं। लोग वातानुकूलित वातावरण में रहने के अभ्यस्त होते गए हैं, इसलिए तापमान सामान्य से थोड़ा भी बढ़ जाए तो उन्हें सहन नहीं हो पाता। मगर लोग इस समस्या से पार पाने में निजी तौर पर कोई योगदान करते नजर नहीं आते। सलाह दी जाने लगी है कि जीवन-शैली में अगर पारंपरिक तौर-तरीके अपना लिए जाएं, तो वैश्विक ताप बढ़ने से काफी हद तक रोका जा सकता है। सरकारों का जोर चूंकि अर्थव्यवस्था के विकास पर है, इसलिए वे औद्योगिक उत्पाद और बाजार के विस्तार पर अधिक ध्यान केंद्रित करती हैं। मौसम की मार बढ़ने के पीछे अनेक वजहें हैं। भवन निर्माण से लेकर खानपान के संसाधनों तक में अब पारंपरिक शैली को त्याग दिया गया है।

स्थानीय संसाधनों की जगह आयातित वस्तुओं का इस्तेमाल बढ़ रहा है, जिनका मौसम से तालमेल नहीं बढ़ पाता। बिना सोचे-समझे वातानुकूलन और जरूरत के मुकाबले बेलगाम वाहनों और गैस संचालित कार्यों के बढ़ते प्रचलन से गर्मी का प्रकोप और बढ़ रहा है। इससे भवनों के भीतर का वातावरण तो जरूर ठंडा हो जाता है या कुछ सुविधाएं मिल जाती हैं, पर वातानुकूलन संयंत्रों से निकलने वाली गर्मी बाहर के वातावरण का तापमान काफी बढ़ा देती है। जलवायु में उथल-पुथल की जो हालत होती जा रही है, उसमें अब इस बात की जरूरत है कि विकास और पर्यावरण के बीच एक संतुलन कायम किया जाए अन्यथा सुविधा कब मुसीबत बन जाएगी, कहा नहीं जा सकता।

सपाट बंद हुआ निफ्टी, सेंसेक्स ने पहली बार छुआ 76,000 का आंकड़ा

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार ने सोमवार के कारोबारी सत्र में एक सीमित दायरे में कारोबार किया। बाजार के बड़े सूचकांक सपाट बंद हुए। सेंसेक्स 19 अंक की मामूली गिरावट के साथ 75,390 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान बाजार में तेजी देखने को मिली थी और सेंसेक्स ने पहली बार 76,000 का आंकड़ा छुआ और 76,009 का नया ऑल टाइम हाई बनाया। बीएसई के मुख्य बेंचमार्क ने महज 31 कारोबारी सत्र में 1,000 की बढ़त हासिल की। सेंसेक्स ने 75,000 का आंकड़ा 9 अप्रैल को छुआ था। निफ्टी 24 अंक की गिरावट के साथ 22,932 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान निफ्टी में भी एक्शन देखने को मिला और इसने 23,110 अंक का नया ऑल टाइम हाई बनाया। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में ज्यादा एक्शन देखने को मिला। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 136 अंक या 0.81 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,019 अंक और निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 337 अंक या 0.64 प्रतिशत बढ़कर 52,761 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में 30 में से 18 शेयर लाल निशान में बंद हुए। इंडसइंड बैंक, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, एलएंडटी और एचसीएल टेक टॉप गेनर्स थे। विप्रो, एनटीपीसी, सन फार्मा, एमएंडएम, आईटीसी और रिलायंस टॉप लूजर्स थे। सेक्टर के हिसाब से देखें तो ऑटो, फार्मा, मेटल, मीडिया, एनर्जी और इंफ्रा सबसे ज्यादा गिरने वाले इंडेक्स थे। वहीं, आईटी, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस और रियल्टी इंडेक्स बढ़कर बंद हुए हैं। बाजार के जानकारों का कहना है कि बाजार 23,000 के स्तर पर रुकावट महसूस कर रहा है। चुनाव के नतीजे पास होने के कारण निवेशक इस लेवल पर मुनाफावसूली कर रहे हैं। एफआईआई की बिक्री के आंकड़े कम होने और कंपनियों की ओर से अच्छे नतीजे पेश करने के कारण बाजार को सहारा मिला है। आगे कहा, भारत की चौथी तिमाही के जीडीपी के आंकड़े और अमेरिका में महंगाई के आंकड़ों के बाजार की दिशा तय होगी।

केएल एयरवेज और कलानिधि मारन स्पाइसजेट व अजय के खिलाफ करेंगे 1323 करोड़ का दावा

नई दिल्ली। केएएल एयरवेज और कलानिधि मारन ने सोमवार को बताया कि वे स्पाइसजेट और उसके प्रमुख अजय सिंह से 1,323 करोड़ रुपये से अधिक के मुआवजे की मांग करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने इस प्रकरण में दिल्ली हाईकोर्ट की ओर से उनके खिलाफ दिए गए आदेश को चुनौती देने की भी कही है। इससे पहले 17 मई को अदालत की खंडपीठ ने एकल न्यायाधीश की उस पीठ के आदेश को निरस्त कर दिया था, जिसमें स्पाइसजेट और अजय सिंह की ओर से मारन को 579 करोड़ रुपये और ब्याज लौटाने के फैसले को बरकरार रखा गया था। पीठ ने 31 जुलाई, 2023 को पारित एकल न्यायाधीश के आदेश को चुनौती देने वाले सिंह और स्पाइसजेट द्वारा दायर अपीलों को अनुमति दे दी थी और मध्यस्थता के फैसले को नए सिरे से चुनौती देने वाली याचिकाओं पर विचार करने के लिए मामले को संबंधित अदालत में वापस भेज दिया था। इसके बाद मारन और उनकी कंपनी केएएल एयरवेज ने अपने कानूनी सलाहकारों से सलाह मशविरा करने के बाद फैसले को चुनौती देने का फैसला किया। केएएल एयरवेज और मारन का मानना है कि उक्त आदेश में गंभीर कमियां हैं।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

मस्क की कंपनी ने जुटाया 6 अरब डॉलर का फंड

नई दिल्ली । एलन मस्क की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कंपनी एक्सएआई की ओर से कहा गया कि उसने भविष्य की टेक्नोलॉजी के विकास और रिसर्च के लिए 6 अरब डॉलर की पूंजी जुटाई है। मस्क की एआई कंपनी की ओर से ये जानकारी सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर दी गई। कंपनी के पोस्ट के जवाब में एलन मस्क ने लिखा कि आने वाले समय में हम कई और घोषणाएं करने वाले हैं। मस्क ने कंपनी के फंडिंग जुटाने को लेकर एक अन्य पोस्ट के जवाब में कहा कि इसका प्री-मनी वैल्यूएशन 18 अरब डॉलर था।

कंपनी ने बताया कि 'सीरीज बी' में जुटाई गई इस फंडिंग का इस्तेमाल एक्सएआई के पहले उत्पादों को बाजार में उतारने और एडवांस इन्फ्रास्ट्रक्चर को बनाने में उपयोग किया जाएगा।

कंपनी ने अपनी ब्लॉग पोस्ट में कहा कि एक्सएआई का पूरा ध्यान एक एडवांस एआई सिस्टम बनाने को लेकर है। सही, सक्षम और मानवता को अधिक से अधिक फायदा पहुंचाने वाला होगा। कंपनी का मिशन यूनिवर्स के सही अर्थ को जानना है। एक्स एआई की ओर से एआई चैटबॉट 'ग्रॉक' को पेश किया गया है। इसमें वेलोर इक्विटी पार्टनर्स, वीवाई कैपिटल, आंद्रेसेन होरोविट्ज, सिकोइया कैपिटल, फिडेलिटी मैनेजमेंट, रिसर्च कंपनी, प्रिंस अलवलीद बिन तलाल और किंगडम होल्डिंग आदि ने निवेश किया हुआ है। इसके अलावा एक्सएआई ने कहा कि वह आने वाले समय में नए टेक्नोलॉजी अपडेट्स और उत्पाद पेश करेंगे। इस महीने की शुरूआत में एक्सएआई की ओर से 500 मिलियन डॉलर का फंड जुटाया गया था। एक्सआई की स्थापना 2023 में हुई थी। इसका पहला एआई उत्पाद नवंबर में पिछले साल लॉन्च किया गया था। इसके अलावा ग्रॉक एआई का 1.5 मॉडल भी हाल ही में लॉन्च किया गया। ये लंबे टेक्स्ट लिख सकता है। वहीं, ग्रॉक-1.5वी तस्वीरों को भी आसानी से समझ सकता है।

एनएसई 250 रुपये से कम दाम वाले शेयरों के लिए लाएगा एक पैसे का टिकट साइज

मुंबई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की ओर से 250 रुपये से कम वाले शेयरों का टिकट साइज एक पैसा करने का फैसला किया गया है। हाल ही में एनएसई द्वारा जारी किए गए सर्कुलर में ये जानकारी दी गई है। बता दें, मौजूदा समय में शेयर में कम से कम 5 पैसे का टिकट साइज है। टिकट साइज कम होने का सीधा फायदा निवेशकों को मिलेगा। ये बदलाव 10 जून से लागू होगा।टिकट साइज एक अंतर होता है जो कि शेयर बिक्री करने वाले और शेयर खरीदने वाले के दाम के बीच होता है। ऐसे में टिकट साइज घटने से प्राइस की बेहतर डिस्कवरी हो पाएगी और खरीदारी एवं बिक्री करने वाले दोनों को सही कीमत मिलेगी। उदाहरण के लिए अगर कोई व्यक्ति 199.98 रुपये पर शेयर बेचना चाहता है तो आज ही स्थिति में 199.98 पर नहीं, बल्कि 199.95 या 200 रुपये पर सौदा हो पाएगा। ऐसे में टिकट साइज घटने से सौदा 199.98 पर ही हो सकेगा। सर्कुलर में दी गई जानकारी के मुताबिक, टिकट साइज 5 पैसे से घटाकर एक पैसा किया जा रहा रहा है। ये टी प्लस 1 सेटलमेंट के साथ टी प्लस 0 सेटलमेंट में भी लागू होगा। एक्सचेंज की ओर से बताया गया कि टिकट साइज को आखिरी कारोबार सत्र में शेयर की कीमत के मुताबिक मासिक आधार पर रिव्यू और एडजस्ट किया जाएगा।

'मोदी सरकार ने पिछले एक दशक में बजट को नया रूप दिया': निर्मला सीतारमण

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि मोदी सरकार ने अपनी बजट प्रथाओं और आंकड़ों में पारदर्शिता को प्राथमिकता दी है। पारदर्शी बजट वाले देशों को अक्सर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक जैसे अंतरराष्ट्रीय निकायों द्वारा अधिक अनुकूल रूप से देखा जाता है। इससे वैश्विक विश्वास में सुधार हो सकता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार ने पिछले 10 वर्षों में केंद्रीय बजट को खर्चों के रिकॉर्ड से बदलकर समान वितरण के रणनीतिक खाके में तब्दील किया है। मंत्री ने जोर देकर कहा कि सरकार करदाताओं के पैसे का सर्वोत्तम संभव इस्तेमाल करना जारी रखेगी...। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने अपनी बजट प्रथाओं और आंकड़ों में पारदर्शिता को प्राथमिकता दी है। पारदर्शी बजट वाले देशों को अक्सर अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक जैसे अंतरराष्ट्रीय निकायों द्वारा अधिक अनुकूल रूप से देखा जाता है। इससे वैश्विक विश्वास में सुधार हो सकता है। सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सिलसिलेवार पोस्ट में लिखा,यह इंडियन नेशनल कांग्रेस नीत संप्रग (संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन) सरकार की ऑफ-बजट उधारी और ऑयल बॉन्ड जारी करने के जरिए घाटे को छिपाने की दोहराई जाने वाली प्रथा के बिल्कुल विपरीत है, जिसने कुछ हद तक राजकोषीय बोझ को भविष्य की पीढ़ियों पर स्थानांतरित कर दिया।

संप्रग के तहत बजट आंकड़ों को अनुकूल दिखाने के लिए मानक राजकोषीय प्रथाओं को नियमित रूप से बदला गया। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में पुरानी बाधाओं और प्रथाओं को पीछे छोड़ते हुए केंद्रीय बजट की विश्वसनीयता में काफी सुधार देखा गया है। सीतारमण ने कहा, हमारी सरकार ने बजट को केवल खर्चों के रिकॉर्ड से बदलकर समान विकास के रणनीतिक खाके में बदल दिया है। हम अपने करदाताओं से एकत्र किए गए प्रत्येक रुपये का विवेकपूर्ण और सही इस्तेमाल करते हैं...सार्वजनिक वित्त की पारदर्शी तस्वीर पेश करते हैं। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत केंद्रीय बजट की विशेषता राजकोषीय विवेक, पारदर्शिता और समावेशिता है, जो सामाजिक विकास तथा बुनियादी ढांचे में निवेश सुनिश्चित करता है।सीतारमण ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सरकारों के जरिए 108 केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सीएसएस) का संचालन करती है, जिसका बजट वित्त वर्ष 2024-25 के लिए करीब 5.01 लाख करोड़ रुपये है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए यह 4.76 लाख करोड़ रुपये थे। मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करने, पारदर्शिता बढ़ाने और विकसित भारत की मजबूत नींव रखने के लिए जारी सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हम करदाताओं की मेहनत की कमाई के मूल्य तथा प्रभाव को अधिकतम करना जारी रखेंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि इसका सभी के लाभ के लिए सर्वोत्तम संभव इस्तेमाल किया जाए।

राशिफल

मेष : आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

वृष : जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

मिथुन : शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

कर्क : पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

सिंह : व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

कन्या : प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

तुला : कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

वृश्चिक : किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

धनु : आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

मकर : लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

कुंभ : किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

मीन : वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

चुटकुले

टीचर - बेटा अगर सच्चे दिल से प्रार्थना की जाए, तो वो जरूर सफल होती है।
टिल्लू - रहने दीजिए सर, अगर ऐसा होता तो आप मेरे सर नहीं, ससुर होते।
फिर क्या... टिल्लू की हुई जोरदार धुनाई।

एक बच्चे ने दूसरे बच्चे से पूछा - क्या तुम चीनी भाषा पढ़ सकते हो?
दूसरे बच्चे ने कहा - हां!
पहला बच्चा - कैसे?
दूसरा बच्चा - अगर वो हिंदी या अंग्रेजी में लिखी हो तो।

मास्टर जी- तुमने होमवर्क क्यों नहीं किया?
चिंटू- मैं हॉस्टल में रहता हूं ना।
मास्टर जी- तो?
चिंटू- हॉस्टल में होमवर्क कैसे कर सकता हूं?
हॉस्टल वर्क देना चाहिए था ना!
फिर चिंटू की जबरदस्त पिटाई हुई

रोचक तथ्यों का करंट

- लियो फेंडर, टेलीकास्टर और स्ट्रैटेकास्टर के आविष्कारक, गिटार नहीं बजा सकते थे।
- रॉबर्ट टेलर, साबुन-में-एक-पंप-बोतल (सोफ्ट्सओप) के आविष्कारक को पता था कि कोलगेट जैसे बड़े प्रतियोगियों अपने उत्पाद की प्रतिलिपि (नकल) करने का प्रयास करेंगे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे उसे प्रतिलिपि नहीं कर सके, उन्होंने अमेरिका में हर छोटी बोतल हाथ पंप (100 मिलियन बोतलों) खरीदा।
- एडिसन ने साल 1 9 03 में एक हाथी को बिजली का झटका दे दिया था ताकि टेस्ला के एसी करंट को खतरनाक साबित कर सके।
- बबल ब्रैप के, अल्फ्रेड फील्डिंग और मार्क चावेंस आविष्कारक मूल रूप से 3 डी प्लास्टिक वॉलपेपर बनाने की कोशिश कर रहे थे, जो कि उनकी विफलता थी।
- पेट्रोलियम जेली (वेसिलीन) के आविष्कारक रॉबर्ट चेसेब्रा, हर रोज एक चम्मच इसे खाते थे, उनका दावा था कि इसमें काफी स्वास्थ्य लाभ थे। वह 96 साल के थे।

करंट क्राइम

परिवार की ओर से आपको
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

28 05 2024

आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन

अर्चना गुप्ता
अभिनेत्री

दिशांत पाराशर | नंदिका अग्रवाल | कविश अग्रवाल | तनिष्का | गुरमीत वालिया | अमृता बंसल | दीपांशु शर्मा

मुनींद्र आर्य | योगेन्द्र कुमार शर्मा | सूरज | वरूण यादव | राशिद चौधरी | बिजेन्द्र गौतम

संजीव त्यागी | राकेश कुमार | अमित जेठुडी | राजीव खोंसला | रामकेवल गुप्ता | तनुज खन्ना

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

हम पूरे सीजन 'अजेय टीम' की तरह खेले : श्रेयस अय्यर

चेन्नई। एक दशक के लंबे इंतजार को खत्म करते हुए कोलकाता ने आईपीएल 2024 की ट्रॉफी अपने नाम की। टीम के इस प्रदर्शन की सराहना करते हुए कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि पूरे सीजन में कोलकाता एक चैंपियन की तरह खेली। फाइनल मैच के बाद श्रेयस अय्यर ने कहा, ₹मेरे लिए अभी अपने एहसास और भावनाओं को बता पाना काफी मुश्किल है। खुश होने के लिए हमारे पास अभी काफी कुछ है। हमने खिलाड़ियों से जैसी उम्मीद की, उन्होंने वैसा ही प्रदर्शन किया। इंतजार बहुत लंबा था। हम पूरे सीजन में चैंपियन की तरह खेले। आंद्रे रसेल (19 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन और वेंकटेश अय्यर (नाबाद 52) के शानदार अर्धशतक से कोलकाता नाईट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल फाइनल में रविवार को 8 विकेट से रौंद कर 57 गेंद शेष रहते तीसरी बार आईपीएल खिताब जीत लिया। कोलकाता ने हैदराबाद को 18.3 ओवर में 113 रन पर समेटने के बाद 10.3 ओवर में दो विकेट पर 114 रन बनाकर एकतरफा जीत हासिल की। केकेआर का 2024 का अभियान आईपीएल इतिहास में सबसे प्रभावशाली अभियानों में से एक था, जिसने एक सीजन में सबसे कम हार के रिकॉर्ड की बराबरी की। 2008 में शेन वार्न की राजस्थान रॉयल्स केवल तीन हारी थी। श्रेयस अय्यर ने कहा, हम भाग्यशाली रहे कि पहले गेंदबाजी करने का मौका मिला। यह दबाव वाला मैच था। मिचेल स्टार्क और आंद्रे रसेल ने शानदार प्रदर्शन किया, युवाओं को उनसे सीख लेनी चाहिए। श्रेयस ने आंद्रे रसेल के बारे में कहा कि रसल के पास जादुई छड़ी है। ज्यादातर मैचों में उन्होंने हमें विकेट दिलाए हैं। इसके बाद वेंकटेश अय्यर ने हमारे लिए जीत आसान कर दी। यह एक शानदार टीम वर्क था। हमारे लिए शानदार सीजन रहा। फाइनल में कोलकाता ने शुरू से ही दबदबा बनाए रखा, जिसकी शुरूआत मिचेल स्टार्क ने अभिषेक शर्मा के विकेट से की, जो इस सीजन की बेस्ट गेंदों में से एक थी। प्लेऑफ में स्टार्क का प्रदर्शन महत्वपूर्ण था। सीजन की खराब शुरूआत के बावजूद, जहां उन्होंने अपने पहले दो मैचों में बिना कोई विकेट लिए 100 रन दिए, स्टार्क केकेआर के दोनों प्लेऑफ मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच रहे, जो कि आईपीएल इतिहास में पहली बार हुआ। स्टार्क ने क्वालिफायर-1 में हैदराबाद के खिलाफ ही 34 रन देकर 3 विकेट लिए थे और फिर फाइनल में उन्होंने 14 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किया।

आईपीएल के रियल हीरो के लिए बीसीसीआई ने किया ईनाम का ऐलान

नई दिल्ली। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने सोमवार को आईपीएल 2024 के 13 वेन्यू के सभी ग्राउंड स्टाफ और पिच क्यूरेटर के लिए इनाम का ऐलान किया है। कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल 2024 का खिताब जीत लिया है। चेपॉक स्टेडियम से शाहरुख खान, गौतम गंभीर, रिंकू सिंह से लेकर कप्तान श्रेयस अय्यर तक के जश्न मनाने के अतरंगी तरीके और तस्वीरें यकीनन आपका दिल जीत लेंगी। वहीं, इस बीच बीसीसीआई सचिव जय शाह ने भी कुछ ऐसा ऐलान किया है, जिसने हर किसी का दिल जीत लिया। दरअसल, बीसीसीआई ने ग्राउंड्समैन और पिच क्यूरेटर्स के लिए लाखों रुपए के इनाम का ऐलान किया है। जय शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर की है। उन्होंने इस पोस्ट के जरिए ग्राउंड स्टाफ और क्यूरेटर्स के लिए यह ऐलान किया। जय शाह ने एक्स पर लिखा, "हमारे सफल आईपीएल 2024 सीजन के पीछे अनसंग हीरोज ग्राउंड स्टाफ का अहम योगदान है। इन्होंने खराब मौसम की स्थिति में भी अच्छी पिच तैयार करके दी। 10 नियमित आईपीएल मैदानों के ग्राउंड्समैन और क्यूरेटर को 25-25 लाख रुपए मिलेंगे। वहीं 3 एक्स्ट्रा मैदानों के स्टाफ को 10-10 लाख रुपए मिलेंगे। आपके समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद!" इस साल का आईपीएल दिल्ली कैपिटल्स, पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स द्वारा अपने शेड्यूल में एक अतिरिक्त घरेलू वेन्यू जोड़ने के बाद देश भर के 13 स्थानों पर खेला गया था। दिल्ली ने अपने कुछ मैच नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम के अलावा विशाखापट्टनम में खेले, पंजाब ने मुल्लांपुर के अलावा धर्मशाला में कुछ मैच खेला जबकि राजस्थान ने जयपुर के बाद गुवाहाटी को अपना दूसरा घरेलू मैदान चुना। मैच की बात करें तो खिताबी मुकाबले में कोलकाता नाइटराइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 18.3 ओवर में 113 रन पर समेटने के बाद 10.3 ओवर में 2 विकेट पर 114 रन बनाकर सबसे एकतरफा जीत हासिल की। वेंकटेश अय्यर ने मात्र 26 गेंदों पर नाबाद 52 रन में चार चौके और तीन छक्के लगाए। रहमानुल्लाह गुरबाज ने 32 गेंदों पर 39 रन में पांच चौके और दो छक्के लगाए। अय्यर और रहमानुल्लाह गुरबाज ने दूसरे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी की। 10 साल से कोलकाता इस इंतजार में थी कि वह फिर से आईपीएल की ट्रॉफी उठाए। हर साल वह प्रयास करते रही। उसके लड़ाके संघर्ष करते रहे लेकिन कई बार वो ट्रॉफी के करीब आकर भी अपना सपना पूरा नहीं कर पाए। मगर चेपॉक में 26 मई को कोरबो, लोड़बो, जीतबो रे की कहानी आखिरकार सच हो गई।

भारत के हेड कोच बन सकते हैं गंभीर, क्या शाहरुख उन्हें जाने देंगे?

नई दिल्ली। आईपीएल में कोलकाता को चैंपियन बनाने वाले गौतम गंभीर खिताबी जीत के बाद बेहद भावुक नजर आए। इस दौरान बॉलीवुड किंग शाहरुख खान ने गंभीर के माथे को खुशी से चूम लिया। कोलकाता नाइट राइडर्स ने रविवार रात आईपीएल 2024 के खिताबी मुकाबले में एकतरफा अंदाज में सनराइजर्स हैदराबाद को हराते हुए तीसरी बार आईपीएल ट्रॉफी अपने नाम की। इस जीत में पूर्व भारतीय सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर की मेंटरशिप का अहम योगदान रहा। अपनी कप्तानी में पहले ही कोलकाता के लिए दो ट्रॉफी जीत चुके गौतम गंभीर ने एक बार फिर बतौर मेंटर अपनी टीम को एक दशक बाद ट्रॉफी दिलाई। इस जीत के बाद गौतम गंभीर टीम इंडिया के हेड कोच बनेंगे, ऐसी खबरें और तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि गंभीर इस दौर में सबसे आगे हैं। हालांकि, सवाल यह उठता है कि क्या इस सीजन में मेंटर के तौर पर कोलकाता में वापसी करने वाले गंभीर भारतीय टीम के मुख्य कोच बनने के लिए फ्रेंचाइजी छोड़ देंगे? कोलकाता को तीन बार आईपीएल ट्रॉफी जीताने और लखनऊ को दो बार प्लेऑफ में पहुंचाने के ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, गंभीर की नेतृत्व क्षमता ने क्रिकेट जगत का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। 2012 और 2014 में कोलकाता को दो आईपीएल खिताब दिलाने वाले गंभीर ने बड़े मौकों पर टीम को जीत दिलाने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया है। पहले उनके नेतृत्व और अब मार्गदर्शन में कोलकाता तीसरी आईपीएल ट्रॉफी अपने नाम करने में सफल रही। कोलकाता के साथ गंभीर का रिश्ता काफी भावनात्मक है। वह एक ऐसे व्यक्ति हैं, जिन पर कोलकाता के प्रशंसक भरोसा करते हैं और उन्होंने उनसे फ्रेंचाइजी न छोड़ने का आग्रह भी किया है। हालिया घटनाक्रम में कई रिपोर्ट सामने आई हैं, जहां कथित तौर पर गंभीर को कोलकाता के सह-मालिक शाहरुख खान द्वारा अगले दशक तक कोलकाता टीम के लिए अपनी सेवाएं सुरक्षित करने के लिए 'ब्लैंक चेक' की पेशकश की गई थी। यह महत्वपूर्ण इशारा इस बात को दशार्ता है कि गंभीर जिस भी टीम के साथ जुड़ते हैं, उसके लिए वह कितना महत्व रखते हैं। आईपीएल 2024 जीतने के बाद, गंभीर ने कोलकाता में मेंटर के रूप में अपनी स्थिति को और मजबूत कर लिया है, लेकिन भारतीय टीम के संभावित कोच होने की मांग के बीच फ्रेंचाइजी के साथ गंभीर के भविष्य सस्पेंस में है। अब सवाल यह है कि क्या कोलकाता गंभीर को जाने की अनुमति देगा और क्या गौतम गंभीर टीम इंडिया के कोच बनना चाहेंगे, यह मुद्दा प्रशंसकों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। यह भी पता चला है कि बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों ने फाइनल के बाद चेन्नई में गंभीर से मुलाकात की थी ताकि उनसे इस बारे में बात की जा सके। बता दें, सोमवार को इस पद के लिए आवेदन करने का आखिरी दिन है।

ऑरेंज कप जीतने पर कोहली ने कहा, मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली टॉप पर रहे। उन्होंने 15 मैचों में 61.75 की एवरेज और 154.69 की स्ट्राइक रेट से 741 रन बनाए। विराट ने इस सीजन में एक शतक और पांच अर्धशतक भी जड़े। उन्होंने कप्तान फाफ डू प्लेसिस के साथ बतौर ओपनर 61.75 की औसत और 154.69 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए। विराट कोहली ने फाइनल के बाद एक रिकॉर्ड किए गए संदेश में कहा, ऑरेंज कैप जीतना सम्मान की बात है। इस सीजन का सफर हमारे लिए उतार-चढ़ाव भरा रहा। लेकिन मैंने जिस तरह अपनी टीम के लिए योगदान दिया, उससे काफी खुश हूं। खासकर, इस सीजन के दूसरे हाफ में... पहले हाफ में हमारी टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। लेकिन हमने दूसरे हाफ में शानदार खेल का नजारा पेश किया। आप सब लोगों के समर्थन के लिए शुक्रिया। विराट ने कहा कि वह अमेरिका और वेस्टइंडीज में भारत के लिए आगामी टी20 विश्व कप में अपने फॉर्म को दोहराने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि मैं आईपीएल के 2025 सीजन में भी इसे दोहराऊंगा। आपके समर्थन के लिए आप सभी को धन्यवाद। 35 वर्षीय खिलाड़ी आईपीएल इतिहास में दो बार ऑरेंज कैप जीतने वाले पहले भारतीय बने। हर्षल ने कहा, ₹पर्पल कैप दिए जाने पर बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह एक बहुत ही शानदार यात्रा रही है। मैं उन सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं जो मेरी यात्रा का हिस्सा थे।

हरमनप्रीत की हैट्रिक से भारत ने अर्जेंटीना को 5-4 से हराया

एंटवर्प (बेल्जियम)। भारत का कभी हार न मानने वाला रवैया अर्जेंटीना के खिलाफ मैच में सामने आया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के यूरोपीय चरण के अपने चौथे मैच में 5-4 से जीत हासिल की। भारत के लिए, अरजीत सिंह हुंदल (7'), गुरजंत सिंह (18') और हरमनप्रीत सिंह (29', 50' और 52') ने गोल किए। जबकि अर्जेंटीना के लिए फेडेरिको मोंजा (3'), निकोलस कीनन (24'), तादेओ मारुची (54') और लुकास मार्टिनेज (57') ने गोल दागे। भारत ने मैच की शुरूआत शानदार की। पहले क्वार्टर में अधिकांश समय तक गेंद अपने पास रखी और सटीक पास देकर अर्जेंटीना के सर्कल में प्रवेश किया। हालांकि, अर्जेंटीना ने पहला गोल कर बढ़त बना ली थी, जब फेडरिको मोंजा (3') ने नेट के करीब से गोल करते हुए अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। जवाब में, भारत ने अरिजीत सिंह हुंदल (7') के शानदार फील्ड गोल से जल्द ही बराबरी कर ली। फिर, एक मिनट शेष रहते भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा सके और पहला क्वार्टर 1-1 से बराबरी पर खत्म हुआ। भारत ने दूसरे क्वार्टर में एक बार फिर तेज शुरूआत की। गुरजंत सिंह (18') के बेहतरीन फील्ड गोल के बाद तेजी से जवाबी हमला करने वाले आक्रामक रुख ने भारत को अपनी बढ़त बढ़ाने में मदद की। इस गोल के बाद अगले कुछ मिनटों तक भारत को थोड़ी परेशानी जरूर हुई। इसका फायदा उठाते हुए निकोलस ने डिफेंडरों को छकाते हुए भारतीय सर्कल में प्रवेश कर एक शानदार शॉट को गोल में तब्दील किया, जिससे स्कोर 2-2 से बराबरी पर आ गया। हालांकि, भारत ने एक मिनट शेष रहते ही पेनल्टी कॉर्नर अर्जित कर लिया और कप्तान हरमनप्रीत सिंह (29') ने कोई गलती नहीं की और इसे भारत के पक्ष में 3-2 कर दिया। हाफ टाइम तक भारत अर्जेंटीना से 3-2 से आगे था। भारत जहां अपनी बढ़त बढ़ाना चाहता था, वहीं अर्जेंटीना की नजर बराबरी करने पर थी। तीसरा क्वार्टर रोमांचक था, जिसमें दोनों टीमों ने तेज-तर्रार हॉकी का प्रदर्शन करते हुए आक्रमण की गति बढ़ा दी। भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन वह इसे गोल में नहीं बदल सका क्योंकि हरमनप्रीत के शॉट को अर्जेंटीना के गोलकीपर ने रोक दिया। दोनों टीमों की रक्षा पंक्ति मजबूत होने के कारण तीसरा क्वार्टर गोलरहित रहा और 3-2 से बराबरी पर समाप्त हुआ। चौथा क्वार्टर शानदार रहा और भारत ने मैच की लगाम पूरी तरह अपने पास रखी। उन्होंने अर्जेंटीना को गलतियां करने के लिए मजबूर किया। कप्तान हरमनप्रीत (50') ने टीम के लिए एक और गोल किया। इस तरह भारत ने 4-2 की बढ़त ले ली। दो मिनट बाद, भारत को एक और पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे कप्तान हरमनप्रीत सिंह (52') ने फिर से सफलतापूर्वक गोल में बदल दिया। अर्जेंटीना ने तादेओ मारुची (54') और लुकास मार्टिनेज (57') के गोल की मदद से मैच को रोमांचक रूप से अंत तक पहुंचाया। हालांकि मैच भारत की 5-4 से जीत के साथ समाप्त हुआ।

फ्रेंचाइजी क्रिकेट के लिए वनडे फॉर्मेट छोड़ सकते हैं स्टार्क



चेन्नई। आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स की खिताबी जीत में अहम योगदान निभाने वाले तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क वनडे फॉर्मेट से संन्यास ले सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खतरनाक तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने संकेत दिए हैं कि वह फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने के कारण यह फैसला ले सकते हैं। आईपीएल में लंबे समय के बाद मिचेल स्टार्क की वापसी शानदार रही, जिसका समापन कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ खिताबी जीत के साथ हुआ। वर्षों तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को प्राथमिकता देने के बाद स्टार्क का इस कैश-रिच लीग में फिर से शामिल होने का निर्णय सफल रहा और अब वह अपनी क्रिकेट प्रतिबद्धताओं को बदलने पर विचार कर रहे हैं। स्टार्क ने कहा, पिछले 9 साल मैंने ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट को दिए हैं। जब क्रिकेट से समय मिलता था, तब मैं वह समय अपनी पत्नी और परिवार को देता था। लेकिन अब मैं अपने करियर के आखिरी पड़ाव पर हूं और फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलना चाहता हूं। वनडे विश्व कप अभी बहुत दूर है, तो मैं एक फॉर्मेट को छोड़ भी सकता हूं। मिचेल स्टार्क ने इससे पहले सिर्फ.दो बार 2014 और 2015 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए आईपीएल खेला था। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के लिए खुद को तरोताजा रखने के लिए वह आईपीएल नहीं खेल रहे थे। 2009 में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू के बाद स्टार्क ने अभी तक सिर्फ.137 टी20 खेले हैं। स्टार्क ने आगे कहा, मैंने इस आईपीएल सीजन का पूरा लुत्फ उठाया। इसके बाद हमें विश्व कप खेलना है, जिसका अपना लाभ है। इस लीग में दुनिया के बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ और खिलाफ खेलने के बाद आप विश्व कप के लिए भी तैयार होते हैं। इस तरह यह विश्व कप की तैयारियों का भी एक हिस्सा है। मुझे नहीं पता कि अगले साल का क्या शेड्यूल है, लेकिन मैं उम्मीद करता हूं कि मैं फिर से कोलकाता के लिए टूनामेंट खेलता नजर आऊंगा। स्टार्क को इस साल कोलकाता ने 24.75 करोड़ रुपये में खरीदा था और वह आईपीएल नीलामी के सबसे महंगे खिलाड़ी बने थे। प्लेऑफ में स्टार्क का प्रदर्शन महत्वपूर्ण था। सीजन की खराब शुरूआत के बावजूद, जहां उन्होंने अपने पहले दो मैचों में बिना कोई विकेट लिए 100 रन दिए, स्टार्क केकेआर के दोनों प्लेऑफ मैचों में प्लेयर ऑफ द मैच रहे, जो कि आईपीएल इतिहास में पहली बार हुआ। स्टार्क ने क्वालिफायर-1 में हैदराबाद के खिलाफ ही 34 रन देकर 3 विकेट लिए थे और फिर फाइनल में उन्होंने 14 रन देकर 2 विकेट अपने नाम किया।

ऋषभ पंत ने पिता को दिया क्रिकेटर बनने का श्रेय

नई दिल्ली। भारतीय विकेटकीपर और आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने जियो सिनेमा पर शिखर धवन की मेजबानी वाले नये कार्यक्रम धवन करेंगे में अपने क्रिकेटर बनने का श्रेय पिता को दिया। दिसंबर 2022 में भीषण कार दुर्घटना में गंभीर रूप से चोटिल होने के बाद आईपीएल के इस सत्र से खेल में वापसी करने वाले पंत ने कहा कि उनके पिता ने एक बार उन्हें काफी महंगा बल्ला दिलाया था जिससे उनकी मां नाराज हो गयी थी। पंत ने कहा, क्रिकेटर बनना मेरे पिता का सपना था और मुझे खुशी है कि मैं इसे पूरा कर सका। मैं जब पांचवीं कक्षा में था तब मैंने तय कर लिया था कि मुझे क्रिकेटर बनना है। मेरे पिता ने मुझे 14,000 रुपये का बल्ला उपहार में दिया और इससे मेरी मां बहुत नाराज हो गई थी। पंत ने इस आईपीएल में 13 मैचों में तीन अर्धशतक और 155.40 की स्ट्राइक रेट से 446 रन बनाये। वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। उनकी टीम हालांकि छठे स्थान पर ही रही।

आईपीएल फाइनल: कोलकाता ने हैदराबाद को 113 पर समेटा

नई दिल्ली। आंद्रे रसल (19 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन से कोलकाता नाईट राइडर्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को आईपीएल फाइनल में रविवार 18.3 ओवर में 113 रन पर समेट दिया। हैदराबाद का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने फैसला उसके लिए गलत साबित हुआ। मिशेल स्टार्क ने पहले ओवर की पांचवीं गेंद पर अभिषेक शर्मा को बेहतरीन अंदाज में बोल्ड का हैदराबाद को ऐसा झटका दिया जिससे उसकी पारी अंत तक उबर नहीं पाई। क्या हुआ कुछ समझ नहीं आया। आतिशी शुरूआत के लिए जानी जाने वाली हैदराबाद को नॉकआउट में लगातार दूसरी बार कोलकाता ने पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया । स्टार्क ने पावरप्ले में शुरूआती झटके दिए। वरुण चक्रवर्ती और हर्षित ने बीच के ओवरों में विकेट निकालने का काम किया। रसल ने 19 रन पर तीन विकेट झटक लिए और हैदराबाद की टीम देखते ही देखते ताश के पत्तों की तरह ढह गई। हैदराबाद की तरफ से कप्तान पैट कमिंस ने सर्वाधिक 24 रन बनाये। एडन मारक्रम ने 20, हेनरिक क्लासेन ने 16 और नीतीश रेड्डी ने 13 रनों का योगदान दिया। हैदराबाद का यह हाल रहा कि उसकी टीम पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल पाई।

खिलाड़ियों की कमी से जूझ रही है ऑस्ट्रेलियाई टीम?

मेलबर्न। टी20 विश्व कप का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और सभी टीमें इस वैश्विक टूनामेंट में हिस्सा लेने के लिए अपनी कमर कस चुकी हैं। भारतीय टीम रोहित शर्मा की अगुआई में न्यूयॉर्क पहुंच चुकी है जहां टीम को पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ पहला मुकाबला खेलना है। दूसरी ओर, खिताब की प्रबल दावेदार ऑस्ट्रेलियाई टीम भी अपना जलवा बिखेरने के लिए तैयार है। हालांकि, टीम के कप्तान मिचेल मार्श ने एक बड़ा खुलासा करते हुए कहा है कि कंगारू टीम को खिलाड़ियों की कमी का सामना करना पड़ रहा है और आईपीएल तथा टी20 विश्व कप के बीच कम समय के कारण अभ्यास मैचों में सहायक स्टाफ के सदस्यों को स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतारने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है।

ऑस्ट्रेलिया को खेलने है दो अभ्यास मैच

ऑस्ट्रेलिया बुधवार को नामीबिया और शुक्रवार को त्रिनिदाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ दो अभ्यास मैच खेलेगा लेकिन उनके पास दो मैचों के लिए सिर्फ आठ खिलाड़ी उपलब्ध हो सकते हैं क्योंकि उनमें से अधिकांश आईपीएल प्लेऑफ में खेलने के बाद ब्रेक लेंगे। पैर की मांसपेशियों की चोट से उबर रहे कप्तान मिशेल मार्श का भी नामीबिया के खिलाफ खेलना तय नहीं है। उन्होंने कहा, हमारे पास खिलाड़ियों की कमी होगी, लेकिन यह अभ्यास मैच है। जिन खिलाड़ियों को खेलने की जरूरत है वे खेलेंगे और हम फिर वहां से तय करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के तीन खिलाड़ी आईपीएल फाइनल टीमों का थे हिस्सा आईपीएल फाइनल रविवार रात कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया जिसमें ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड, पैट कमिंस और मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी मिचेल स्टार्क खेले थे।

कोलकाता की जीत के बाद रिंकू ने भरी हुंकार

चेन्नई। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने रविवार को चेन्नई में खेले गए फाइनल मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को हराकर तीसरी बार आईपीएल का खिताब जीता। अब सभी की नजरें अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप पर हैं जिसमें भारतीय टीम रोहित शर्मा की कप्तानी में खेलने उतरेगी। केकेआर का कोई खिलाड़ी इस वैश्विक टूनामेंट के लिए चुनी गई 15 सदस्यीय टीम का हिस्सा नहीं है, लेकिन रिंकू सिंह रिजर्व खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं। रिंकू आईपीएल विजेता टीम का हिस्सा बन चुके हैं और अब उन्होंने भारतीय टीम के लिए विश्व कप ट्रॉफी उठाने की उम्मीद जताई है।

रिंकू को इस सीजन नहीं मिले ज्यादा मौके

पिछले सीजन गुजरात टाइटंस के खिलाफ पांच गेंदों पर पांच छक्के जड़ने वाले रिंकू को इस बार ज्यादा मौके नहीं मिले। उन्होंने 11 पारियों में 148.67 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 168 रन बनाए। हालांकि, केकेआर ने इस सीजन शानदार प्रदर्शन किया और अंत तक लय बरकरार रखी, लेकिन फाइनल में भी रिंकू को बल्लेबाजी करने का मौका नहीं मिल सका।

'देखना मैं विश्व कप ट्रॉफी उठाउंगा'

फाइनल मैच में मिली जीत के बाद रिंकू ने कहा, 'मैं यहां से पहले नोएडा जाऊंगा और फिर अमेरिका के लिए रवाना होना है। आप लोग देखना मैं विश्व कप ट्रॉफी भी उठाउंगा।' इस सत्र में केकेआर के प्रदर्शन के बारे मे पूछे जाने पर रिंकू ने पूरी टीम को श्रेय दिया। उन्होंने सात साल बाद केकेआर में वापसी करने वाले टीम के मेंटर गौतम गंभीर की भी सराहना की। रिंकू ने कहा, 'आप सिर्फ एक व्यक्ति को श्रेय नहीं दे सकते क्योंकि हर किसी ने कड़ी मेहनत की है। जब से जीजी (गौतम गंभीर) सर आए हैं, बहुत सारी चीजें बदल गई हैं। सुनील नरेन को पारी का आगाज करने के लिए कहा गया और उन्होंने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। बल्लेबाजों ने अच्छा खेला और गेंदबाजी शानदार रही। वेंकटेश अय्यर ने आखिरी के पांच-छह मैचों से वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी की। कुल मिलाकर सभी ने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है।' रिंकू को भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है, जो चर्चा का विषय है। वह शुभमन गिल के साथ उन चार खिलाड़ियों में शामिल हैं जो टीम के साथ रिजर्व के तौर पर यात्रा करेंगे।

जगुआर ने उत्तराखंड को नीचे धकेला, नोएडा सिटी की दमदार जीत

नई दिल्ली। उत्तराखंड एफसी का डीएसए सीनियर डिवीजन लीग से रेलीगेशन हो गया है और वो अगले सीजन में ए डिवीजन में खेलेगी। सोमवार को दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए लीग के रेलीगेशन मैच में उत्तराखंड एफसी को जगुआर एफसी के साथ ड्रा खेलना महंगा पड़ गया। दोनों टीमें निर्धारित समय तक 1-1 की बराबरी पर रही। मैच के छठे मिनट में सोमनाथ सरदार के गोल से बढ़त बनाने वाली उत्तराखंड एफसी का जीत का सपना रेफरी की सीटी बजने से ठीक पहले टूट गया। रेल-पेल के चलते रतीश सर्राफ ने गोल जमाकर उत्तराखंड एफसी को सीनियर से ए डिवीजन में धकेल दिया। जगुआर एफसी के रतीश सर्राफ को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। उधर, पूर्वी दिल्ली स्थित ईस्ट विनोद नगर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए डीएसए सीनियर डिवीजन लीग के मुकाबले में गढ़वाल डायमंड ने नामी क्लब सिटी एफसी पर 2-0 से जीत दर्ज की। अल्तमश और हर्ष बड़थ्वाल ने गढ़वाल के गोल किए। किसी प्रकार की मिलीभगत की आशंका को देखते हुए दिल्ली सॉकर एसोसिएशन (डीएसए) ने उत्तराखंड बनाम जगुआर और सिटी बनाम गढ़वाल डायमंड के मुकाबलों को एक साथ सुबह 9 बजे आयोजित करने का फैसला लिया था।

टी20 विश्व कप : यशस्वी से नूर तक, इन युवा खिलाड़ियों पर रहेगी नजर

नई दिल्ली। टी20 विश्व कप का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और सभी टीमें इस मेगा इवेंट में हिस्सा लेने के लिए अपनी कमर कस चुकी हैं। इस बार दिग्गज खिलाड़ियों के साथ-साथ युवा चेहरे भी लाइमलाइट में रहेंगे। इस बार टूनामेंट में कुछ नए चेहरों पर नजर रहेगी, जो अपनी क्षमताओं से टी20 विश्व कप में दमदार प्रदर्शन कर सकते हैं।

भारत : यशस्वी जायसवाल

यशस्वी जयसवाल एक होनहार युवा बल्लेबाज हैं, जिन्होंने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों मैचों में निरंतरता दिखाई है। उनकी आक्रामक बल्लेबाजी और दबाव में बड़ी पारी खेलने की क्षमता ने उन्हें एक विश्वसनीय खिलाड़ी के रूप में पहचान दिलाई है।

इतनी कम उम्र में यशस्वी की तकनीक, कौशल और परिपक्वता उन्हें 2024 आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में टीम इंडिया की सबसे मजबूत कड़ी बन सकती है।

युवक व महिला से बदमाशों ने मोबाइल लूटे

पुलिस ने एक किशोर सहित तीन को गिरफ्तार कर दो बाइक व मोबाइल किया बरामद

मुरादनगर,करंट क्राइम। दिल्ली मेरठ मार्ग स्थित नमो भारत रैपिड ट्रेन स्टेशन के पास पैदल जा रहे युवक से बाइक सवार दो बदमाश मोबाइल लूटने के बाद युवक को धक्का देकर फरार हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर दो बाइक व मोबाइल बरामद कर लिया है। गांव धेदा निवासी अभिषेक रविवार रात को पैदल ही दिल्ली मेरठ मार्ग से बिजली सब स्टेशन जा रहे थे। जब वह नमो भारत रैपिड ट्रेन स्टेशन से पहले पेट्रोल पंप के पास पहुंचे तो अचानक उनका मोबाइल बज उठा। वह बात कर ही रहे थे कि इसी बीच बाइक सवार दो बदमाश आए उनके हाथ से मोबाइल छीन लिया। मोबाइल छीनने के बाद बदमाश उन्हें धक्का देकर फरार हो गए। पीड़ित ने काफी दूर तक बदमाशों का पीछा भी किया ,लेकिन वह हाथ नहीं आए। इसके अलावा जलालपुर रोड पर देर रात पैदल जा रही महिला बबीता से भी बाइक सवार दो बदमाशों ने मोबाइल लूट लिया। मोबाइल लूट करने के बाद बदमाश आराम से फरार हो गए। नगर थाने से चंद कदम दूरी पर लूटे गए मोबइल से पुलिस गश्त की पोल खुल गई है। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि महिला व युवक की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक किशोर सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम शिवम निवासी रेलवे रोड व फरमान निवासी ईदगाह कॉलोनी बताया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से लूटे गए मोबाइल व दो बाइक भी बरामद की हैं।

दो दुकानों से हजारों की नकदी व सामान चोरी

मुरादनगर ,करंट क्राइम। उखलारसी कॉलोनी में बदमाशों ने दो दुकानों में चोरी कर 65 हजार रुपए की नकदी व सामान चोरी कर लिया। पीड़ितों ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। दिल्ली मेरठ मार्ग पर उखलारसी कॉलोनी के सामने शक्ति स्टोर के नाम से दुकान है। दुकानदार अमन ने बताया कि सोमवार सुबह जब उसने दुकान खोली तो सामान गायब था। अमन ने बताया कि बदमाश छत के रास्ते से दुकान के अंदर आए और गल्ले में रखे 15 हजार रुपए की नकदी व सामान चोरी करके ले गए। इसके बाद बदमाशों ने इसी दुकान के सामने उखलारसी कॉलोनी निवासी विपिन चौधरी की गणेश ट्रेडर्स की दुकान में खिड़की का शीशा तोड़कर दुकान के अंदर घुसकर बदमाश गल्ले में रखे 50 हजार रुपए की नकदी चोरी करके ले गए। दोनों दुकानदारों ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है।

नगर पालिका ने नहीं कराया खराब वाटर कूलर ठीक

सामाजिक संस्था से जुड़े लोग बुझा रहे लोगों की प्यास

मोदीनगर ,करंट क्राइम। भीषण गर्मी के दौर में रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नबंर 2 के पास भूपेंद्रपुरी वाले रास्ते पर लगा वाटर कूलर खराब पड़ा है। कई बार कॉलोनी के लोगों ने पालिका प्रशासन से वाटर कूलर को सुधरवाने की गुहार लगाई, लेकिन बाबजूद इसके पालिका के अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं जिसके चलते एक सामाजिक संस्था से जुड़े लोग लोगों की प्यास बुझाने में लगे हैं। यह मामला इन दिनों सोशल मीडिया की सुर्खियों में बना हुआ है।

दरअसल, रेलवे स्टेशन के पास भूपेंद्रपुरी वाले रास्ते पर पालिका द्वारा गत वर्ष वाटर कूलर लगवाया गया था। इस कूलर का कूलिंग सिस्टम काफी दिनों से काम नहीं कर रहा है। लोगों ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी नरेंद्र मोहन मिश्र व चेयरमैन विनोद जाटव वैशाली से भी शिकायत की और पालिका से जुड़े सभासदों के समक्ष भी यह मुद्दा जोर शोर से उठाते हुए वाटर कूलर को सही कराने की अपील की। पालिका प्रशासन द्वारा शिकायत पर कोई संज्ञान नहीं लेने पर सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने बीड़ा उठाते हुए इस गर्मी में लोगों को शीतल जल पिलाने की मुहिम चलाई ।

रेल यात्रियों से लेकर इस मार्ग से गुजर रहे लोगों को इन लोगों की ओर से ठंडा जल मुहैया कराया जा रहा है। संस्था के पदाधिकारी बलबीर मेहता का कहना है कि इससे अधिक पुण्य का कार्य कोई और नहीं हो सकता है। पिछले लगभग एक माह से प्रतिदिन स्टेशन पर रुकने वाली रेलगाड़ियों में निःशुल्क शीतल जल सेवा संस्था के लोग प्रदान कर रहे हैं।

जनता ने उन्हे वोट दिया हो मगर वो हो चुके हैं दिल से भाजपाई

मुखिया उनकी बहुमत उनका सरकार उनकी शहर उनका लहर उनकी फिर भी पुलिस का कहर उन्ही पर टूट रहा है। आवाज दो हम एक का नारा गूंजा तो इस नारे में इतनी कशिश थी कि भाजपा को हरा कर निगम में पहुंचने वाले निर्दलीय पार्षद बिल्लू भी फूल वालों की हिमायत में खड़े हो गये और कांग्रेस वाले भी पार्टी एकता से पहले पार्षद एकता के सपोर्ट में फूल वालों की तरफ पोर्ट हो गये। कहने वाले ने कहा कि जब हाथ वाले आ गये और निर्दलीय आ गये तो कहने वाले ने कहा कि बचे हुये 27 मेंबरों में झाड़ू वाले भी हैं और सुना है कि कोई ओवेसी की पार्टी का भी पार्षद इसी सदन में हैं। वो क्यों नही आये पार्षद एकता के साथ तो पता चला कि केवल वो ही गये हैं जो जीते तो दल के टिकट पर थे लेकिन दिल से भाजपाई हो गये हैं बाकी सब अपने दल के साथ हैं

क्यों कह रहे हैं भगवा चचा अजी इतनी होनी के बाद भी कुछ बचा

फूल वालों के मौहल्ला मेंबरों ने हल्ला काटा मगर इसके बाद भी उनके मेंबर का पुलिस ने पर्चा काटा और जेल का रास्ता दिखा दिया। फूल वालों में एकता भी कुछ अजीब सी दिखी। गैर दलों के मेंबर उनके साथ आ गये और अपने वालों ने दूरी सी नाप ली। जो कुछ गये भी उन्हे तवज्जो नही मिली तो वो भी आ गये। फूल वालों ने ही बताया कि हमारे तो बीप बीप वाले चचा को ही उनका अदांज कतई पसंद ना आया। चचा की जुबान ही तीखी हैं लेकिन वो मोर्चे में पीछे नही रहते हैं। जब बैठक हो रही थी तो चचा भी पहुंचे और यहां कुछ ऐसा हुया कि कहने को कुछ नही बचा। चचा ने मडंल से लेकर निगम वाली पारी खेली है और वो जानते हैं कि ऐसे मौको पर क्या कहना है और क्या करना है। लेकिन सितम ये हुया कि बीप वाले चचा को माईक ही नही मिला। बताते हैं कि चचा को ये बात बहुत अखरी और वो रूठ कर चले आये। उन्होने कहा भी कि इतना होने के बाद भी अब क्या कहने को कुछ बचा हैं। आगे के शब्द भी उनकी जुबान से निकले जिनमें बीप बीप तो जरूर लगा लेकिन ये शब्द हालात की सच्चाई को लेकर वाकई डीप थे

ट्रक का किराया मांगा तो दुकानदार ने चालक को पीटा , रिपोर्ट

मुरादनगर ,करंट क्राइम। पाइपलाइन मार्ग पर ट्रक का किराया मांगने पर दुकानदार ने एक ट्रक चालक को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। साहिबाबाद के श्याम एन्क्लेव निवासी कमलेश ट्रक चलाते हैं वह कोलकाता से ट्रक में सामान लेकर नगर की पाइपलाइन मार्ग स्थित सुडान ट्रेडर्स की दुकान पर पहुंचे। कमलेश का आरोप है कि पहले तो दुकान स्वामी साजिद ने ट्रक खाली कराने के लिए दो दिन का समय लगा दिया। जब ट्रक का किराया मांगा तो वह आग बबूला हो गया और मारपीट करने लगा। साजिद ने कमलेश को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित किसी तरह दुकान से भागकर थाने पहुंचा और तहरीर दी। पुलिस ने साजिद निवासी पाइपलाइन मार्ग चुंगी नम्बर तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

अवैध चबूतरे को लेकर हुए बलवे में आधा दर्जन से अधिक नामजद

मोदीनगर ,करंट क्राइम। अवैध रूप से घर के बाहर बने चबूतरे के मामले में तहसील प्रशासन ने जांच बैठाई। जांच के दौरान चबूतरे को तोड़ने का आदेश लेकर आई महिला लेखपाल के सामने ही एक पक्ष के लोगों ने शिकायतकर्ता पर जानलेवा हमला बोल दिया। घर में जमकर तोड़फोड़ की और गाली गलौज व पथराव किया। पुलिस ने इस मामले में आधा दर्जन से अधिक लोगों को नामजद किया है। गांव झलावा निवासी जकी मौहम्मद ने आवागमन में बाधक बन रहे एक चबूतरे को लेकर तहसील प्रशासन से शिकायत की थी, प्रशासन ने महिला लेखपाल अलका से रिपोर्ट मांगी, उसके आधार पर चबूतरे को तोड़ने के आदेश जारी कर दिये गये। जब महिला लेखपाल अलका वहां पहुंचीं और चबूतरा तोड़ने की कार्रवाई करने को कहा, तभी दूसरे पक्ष नियाज ने ऐतराज जताया और जकी मौहम्मद व उसके परिवार की महिलाओं पर पथराव व लाठी डंडों से हमला बोल दिया। इतना ही नहीं घर में घुसकर तोड़फोड़ भी कर डाली। हमले में जकी मौहम्मद की मां ईनामा व वरीसा भी घायल हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस को देख आरोपी भाग निकले। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि पीड़ित जकी मौहम्मद की तहरीर पर गांव के ही नियाज, नासिर दो भाई के अलावा अफताफ, महताब, हुसनो व आरसी के खिलाफ बलवे की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

परिजनों की मर्जी के खिलाफ जाकर फातिमा बनी प्रतिष्ठा

हिंदू प्रेमी संग मंदिर में रचाई शादी,ऑनर किलिंग का जताया खतरा

मोदीनगर ,करंट क्राइम। एक मुस्लिम युवती ने अपने परिजनों के खिलाफ जाकर हिंदू प्रेमी से शादी कर ली, वहीं अब युवती ने अपनी जान को खतरा बताते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई है और परिजनों से ऑनर किलिंग की आशंका जताई है। पहले युवती ने सनातन धर्म अपनाया और फिर शादी के बाद अपना नाम फातिमा से बदलकर प्रतिष्ठा रख लिया।

मामला मोदीनगर तहसील के कस्बा निवाड़ी से जुड़ा है। कस्बे की रहने वाली 22 वर्षीय फातिमा ने धर्म परिवर्तन कर अपने हिंदू प्रेमी सत्यकांत संग शादी कर ली। फातिमा ने बताया कि वह ग्रेजुएट है, उसके परिजन एक मौलवी के बहकावे में उसकी शादी एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति से जबरदस्ती करने जा रहे थे, जिसका विरोध जताने पर उसे घर में कैद कर लिया गया और यातनाएं दी जाने लगीं। करीब डेढ़ साल पहले उसकी मुलाकात सत्यकांत द्विवेदी से हुई थी। पहले दोनों में दोस्ती हुई और फिर धीरे-धीरे दोस्ती प्यार में बदल गई। इसके बाद दोनों ने शादी करने का फैसला किया लेकिन धर्म अलग होने के कारण परिजन नहीं माने। फातिमा ने यह खुलासा पुलिस को घर पर बुलाकर कर दिया और वह अपने प्रेमी संग अपना घर छोड़कर चली गई। उसने बताया कि वेद आर्य समाज मंदिर में उसने धर्म परिवर्तन कर शादी रचाई है। परिजनों की मर्जी के खिलाफ जाकर फातिमा बनी प्रतिष्ठा, हिंदू प्रेमी संग मंदिर में रचाई शादी, परिजन अब उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। प्रतिष्ठा ने अपनी और सत्याकांत की जान को खतरा बताते हुए एसीपी को पत्र प्रेषित कर ऑनर किलिंग की आशंका जताई है। प्रतिष्ठा का कहना है कि घर वाले उसकी शादी से नाराज हैं और अब जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि इस मामले में प्रतिष्ठा की ओर से उसके पिता रहीसुद्दीन, मां फातिमा व ताहिरा के खिलाफ मारपीट, बंधक बनाकर रखने व धमकी दिये जाने का मामला दर्ज कर लिया गया है, पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पडोसी युवकों ने पित्रा पुत्री के साथ मारपीट की

लोनी करंट क्राइम। आस्थाना सिटी कॉलोनी में नाली के पानी की निकासी को लेकर पड़ोसी युवकों ने पिता पुत्री के साथ मारपीट की तथा बीच बचाव का प्रयास कर रहे मौहल्ले के लोगों को भी नही बख्शा। सभी चोटिल हुए हैं। पीडित ने हमलावरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

लोनी थाने की आस्थाना सिटी कॉलोनी निवासी मोमीन ने बताया कि नाली के पानी की निकासी को लेकर रविवार सुबह उसके पड़ोस में रहने वाले हाफिस नसीम, वसीक,अरशद तथा नदीम लाठी डंडे और लौहे की रॉड लेकर आए और उसके तथा उसकी बेटी जीनत के साथ जमकर मारपीट की। मौहल्ले के लोग बीच बचाव में आए तो उनके साथ भी मारपीट की। शोर शराबा होने के बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित मोमीन ने उक्त आरोपियों के विरुद्ध मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

स्वास्थ्यकर्मी बताकर ठगे 10 हजार

मोदीनगर ,करंट क्राइम। एक वृद्ध को स्वास्थ्य विभाग का कर्मी बताकर खाते की डिटेल जान शातिर ने दस हजार रुपए ठग लिये। जगतपुरी कॉलोनी निवासी बुजुर्ग सतेंद्र कुमार पर फोन कर स्वास्थ्य लाभ फ्री में दिलाने का झांसा देकर खाते की जानकारी ले ली और फिर शातिर ने 10 हजार रुपए की ठगी कर ली। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

गिन्नी देवी कॉलेज में निःशुल्क मधुमेह योग शिविर लगाया

मोदीनगर ,करंट क्राइम। राष्ट्रीय योग संस्थान की ओर से गिन्नी देवी कॉलेज के सभागार में निःशुल्क मधुमेह योग शिविर का आयोजन किया गया। संस्थान के अध्यक्ष देशराज गुप्ता ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर व सरस्वती वंदना से शिविर का शुभारम्भ किया। शिविर में सैकड़ों की संख्या में महिला व पुरुषों ने योगाभ्यास कर व मधुमेह रोग निवारण की जानकारी पाई।

इस मौके पर योगाचार्य देशराज ने कहा कि योग से शरीर को निरोगी रखने की क्षमता बढ़ती है और व्यक्ति की आत्मा प्रसन्न रहती है। योगाभ्यास से शरीर में बीपी व मधुमेह, पेन क्रियाज में योग क्रिया से हलचल रहती है तथा पेन क्रियाज भी स्वस्थ तथा ठीक काम करने लगता है। पेन क्रियाज इंसुलिन बनाकर रक्त में भेजता है जिससे शरीर बल तथा शक्ति बढ़ती है। जब शरीर के रक्त में शुगर लेबल बढ़ता है तो शरीर कमजोर हो जाता है लेकिन जब लोग शरीरिक व्यायाम करते हैं तो रक्त में बढ़ा हुआ शुगर खर्च होकर नॉर्मल हो जाता है। इस मौके पर पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष निर्मल जैन व महासचिव रविन्दर चौहान आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

नारी शक्ति वुमैन संस्था ने लगाया नेत्र शिविर

मोदीनगर ,करंट क्राइम। सामाजिक संस्था नारी शक्ति वुमैन एम्पाूवर ने आई केयर हॉस्पिटल के साथ मिलकर आंखों की जांच एवं चिकित्सा शिविर का अयोजन किया। संस्था की अध्यक्ष शोभा चौधरी ने बताया कि शिविर में आंखों की जांच करवाने वालों की संख्या 490 रही, 48 महिला व पुरुषों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया। शिविर में चिकित्सक धर्मेंद्र ने इन दिनों गर्मी के कारण आंखों में जलन के लिए रसदार फल एवं सब्जियों का सेवन एवं आंखों में ताजे पानी के छींटे मारने का सुझाव दिया। सचिव साधना तोमर के अलावा शिविर में आयुषी, रीतू कपूर, रेशमा, राकेश शिशोदिया, वसुधा, मोली, अंजना, रुचिका, छवि आदि उपस्थित रहीं।

फिर उठी मजबूत पुलिसिंग की आवाज

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में फिर एक बार मंडे गैंग ने वारदात की है। वारदात के बाद जिस तरीके से पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में पहली बार शीर्ष अधिकारियों के फोन की घंटी बजी और एक के बाद एक कई अधिकारी घटना के सिलसिले में थाने पहुंचे वह बता रहा है कि फिर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में मजबूत पुलिसिंग की आवाज उठी है। उधर पुलिस महकमें में चर्चा शुरू हो गई है कि पूरा मामला वैसे ही चल रहा है जैसे करीब 2 साल पूर्व कमिश्नरेट सिस्टम बनने से पहले एक ओबीसी आईपीएस अधिकारी के कार्यकाल में हुआ था। बीते कुछ दिनों में अचानक हत्या, लूट और महिला अपराध के मामलों में तेजी आई है। तो वही एक के बाद एक पुलिस भगवा दल और हिंदू संगठनों के विवाद बढ़ गए हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम में बीते 6 दिनों से जिस प्रकार से पार्षद प्रकरण गर्माया हुआ है, उसकी चर्चाएं कमिश्नरेट से लेकर लखनऊ और बनारस तक हो रही हैं। कई जनप्रतिनिधि खुलकर पुलिस के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहे हैं, तो अलग-अलग संगठन भी अब मोर्चा लेने की प्लानिंग बना चुके हैं। कुल मिलाकर सोमवार को सिटी वाले सर्किल में हुई वारदात के बाद जो सीन बना रहा है, वह पुलिस के लिए सेफ नहीं बताया जा रहा है। हालांकि महकमें वाले बता रहे हैं कि अभी भी 4 जून का वेट है और 4 जून के बाद कमिश्नरेट के समीकरण कैसे बदलेंगे यह देखना दिलचस्प होने वाला है। वैसे अभी लोकसभा वाले चुनाव की मतगणना शेष है और जब विधानसभा चुनाव के दौरान मतगणना के बाद हाई वोल्टेज पॉलीटिकल ड्रामा हुआ था, उसके बाद सीधे तौर पर पुलिस और भाजपा के बीच वॉर शुरू हो गई थी। कहा जा रहा है कुछ-कुछ समीकरण वैसे ही बनने शुरू हो गए हैं। भले अभी मतगणना का समय शेष है। वैसे कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस अंदाज में वारदात होने के बाद कमिश्नरेट की क्राइम वाली टीम और क्राइम वाले इंचार्ज जिस तरीके से लूट की वारदात को खोलने के लिए जुट गए हैं। बताया जा रहा है कि मामला एक से दो दिन में सॉल्व हो जाएगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं की लूट की वारदात ने किले तक टेंशन बढ़ा दी है। लूट के बाद इलाके वाले साहब पर कई अधिकारियों के फोन आना बता रहा था कि मामला हाई वोल्टेज हो गया है। देखना होगा आगे क्या होता है।

पुलिस महंत को चार दिन बीत जाने के बाद भी नहीं कर सकी गिरफ्तार

प्रयागराज पुलिस की मदद से की जा रही है तलाश

मुरादनगर ,करंट क्राइम। गंगनहर घाट शनि मंदिर के मंहत मुकेश गोस्वामी को चार दिन बाद भी पुलिस गिरफ्तार करने में नाकाम रही है । अभी तक पुलिस उसके मोबाइल का डाटा भी रिकवर नहीं कर सकी है। डाटा रिकवर होने के बाद ही पता चलेगा कि वह फुटेज का इस्तेमाल कहां के लिए करता था। पीड़िता को आशंका है कि मंहत अपने राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल कर बच जाएगा। गंगनहर घाट परिसर में बने महिला चेंजिंग रूम में सीसीटीवी कैमरा लगाने के मामले में पुलिस शनि मंदिर के महंत मुकेश गोस्वामी की तलाश कर रही है। 23 मई को रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से ही महंत मुकेश गोस्वामी फरार हो गया है। पीड़िता को आशंका है कि महंत अपने राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल करके इस केस से बच सकता है। उनका कहना है कि पुलिस चार दिन बाद भी उसे गिरफ्तार नहीं कर पाई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की एक टीम प्रयागराज भी गई है। पुलिस को शक है कि महंत हाईकोर्ट से राहत लेने के लिए प्रयागराज में ही मौजूद है। अब प्रयागराज पुलिस की मदद से उसकी तलाश की जा रही है। चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस महंत को पकड़ना तो दूर उसकी लोकेशन भी निकालने में नाकाम रही है। इतना ही नहीं महंत के मोबाइल का डाटा भी अभी तक रिकवर नहीं हुआ है। पुलिस की जांच वहीं पर अटकी हुई है। एसीपी नरेश कुमार का कहना है कि महंत की तलाश की जा रही है जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

महिला की संदिग्ध मौत के मामले में

प्रेमी जीजा सहित चार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट

मोदीनगर ,करंट क्राइम। संदिग्ध परिस्थितियों में गत दिनों हुई एक महिला की मौत के मामले में पुलिस ने प्रेमी जीजा सहित चार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग को लेकर परिजनों ने थाने पर हंगामा भी किया। पुलिस जांच के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

कस्बा पतला निवासी कृष्णपाल सिंह की 28 वर्षीय पुत्री राखी काफी समय से मोदीनगर की जगतपुरी कॉलोनी में अपने जीजा विश्वास उर्फ गुड्डू के साथ लिव इन में रह रही थी। राखी का शव अपने कमरे में पड़ा मिला। सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजनों ने हत्या करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतका के भाई अमित कुमार ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी थी। सोमवार को मृतका के परिजन एकत्र होकर थाने पहुंचे और जमकर हंगामा किया। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस आरोपियों के पक्ष में काम कर रही है। हंगामा बढ़ता देख थाना प्रभारी लोगों के बीच पहुंचे और निष्पक्ष जांच करने का आश्वासन दिया। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर विश्वास, उसकी पत्नी रीना, बहन काजल व सचिन निवासी जगतपुरी कॉलोनी के खिलाफ हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

शराब के पैसे ना मिलने से नाराज युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

मोदीनगर ,करंट क्राइम। करीब तीन दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में हुई 15 साल के किशोर की मौत के मामले में नया मोड़ आया है। शराब के लिए पैसे ना मिलने से नाराज होकर किशोर ने घर में ही फंदे से लटककर आत्महत्या की थी। परिजनों ने पुलिस को बाइक सवार युवकों द्वारा अपहरण कर हत्या करने की सूचना दी थी। गत 24 मई को पुलिस को सूचना मिली कि गांव नाहली में 15 वर्षीय किशोर आसिफ का बाइक सवार दो युवकों ने अपहरण कर लिया। अपहरण करने के बाद किशोर की हत्या कर शव को घर के बाहर दरवाजे पर फेंक दिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पुलिस ने जब इस मामले में जांच शुरु की तो कई चौंकाने वाले रहस्य खुले। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि घटना स्थल की फोरंसिंग टीम से जांच कराई गई। इसके अलावा परिजनों से भी गहनता से पूछताछ की। परिजनों ने पूछताछ में बताया कि आसिफ नशा करने का आदी हो गया था। नशा करने के लिए आए दिन पैसे मांगता रहता था। पैसे ना मिलने पर वह अक्सर घर में हंगामा भी करता था। शुक्रवार को उसने शराब के लिए पैसे ना मिलने पर हंगामा किया था। पैसा ना मिलने पर वह कमरे में चला गया। जब वह काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजनों ने अंदर जाकर देखा।

कॉलोनी नियमितीकरण को लेकर जन अधिकार मोर्चा के पक्ष में माहौल

मोदीनगर ,करंट क्राइम। मोदी समूह की 26 कॉलोनियों के आवासों के मालिकाना हक के मुद्दे पर जन अधिकार मोर्चा ने आंदोलन छेडने का निर्णय लिया है। जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के बाद भी यदि पालिका प्रशासन ने जिला प्रशासन को भेजे जाने वाली रिपोर्ट शीघ्र नहीं भेजी तो मोर्चा के पदाधिकारी नगर पालिका मुख्यालय पर धरना देंगे और मोदी समूह की भू सम्पत्ति व बेचे जाने वाले आवासों को लेकर तहसील मुख्यालय का घेराव किया जायेगा।

इस सम्बंध में मोर्चा के पदाधिकारियों की एक बैठक रविवार की सांय मोदी मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में मोर्चा के संयोजक देवव्रत धामा,अध्यक्ष तेजपाल सिंह ने कहा कि 26 कॉलोनियों के आवासों के मालिकाना हक के मामले में मंडलायुक्त मेरठ ने रिपोर्ट मांगी है, वहीं इस सबंध में उनकी ओर से पालिका चेयरमैन विनोद जाटव वैशाली, विधायक डॉ0 मंजू शिवाच सहित कई जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया जा चुका है। बैठक में तय हुआ कि यदि पालिका प्रशासन रिपोर्ट देने में हीला हवाली करता है तो मोर्चा पालिका मुख्यालय पर धरना देगा और तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन कर विरोध जाहिर करेगा। बैठक में प्रहलाद शर्मा, महेश कश्यप, पूर्व सभासद विनोद गौतम, कृष्णपाल सिंह, ओमप्रकाश शर्मा, बलदेव सिंह, संतोष पांडे, अंबुज माहेश्वरी, अमन, गुरशरण, अशोक कुमार, राहुल, विष्णुदत्त गर्ग, डॉ. किशन लाल शर्मा, करण सिंह त्यागी आदि उपस्थित रहे।

नासा ने लॉन्च किया पहला छोटा जलवायु उपग्रह

- ध्रुवीय जलवायु परिवर्तन के असर के बारे में मिलेगी जानकारी

न्यूजीलैंड। नासा ने शनिवार को न्यूजीलैंड के उत्तर में महिया से रॉकेट लैब नामक कंपनी के लॉन्च कॉम्प्लेक्स 1 से शाम 7:41 बजे जूते के डिब्बे के आकार का पहला छोटा जलवायु उपग्रह लॉन्च किया। इसे एक इलेक्ट्रॉन रॉकेट से लॉन्च किया गया। इस पूरे मिशन को प्रीफायर (फार-इन्फ्रारेड एक्सपेरिमेंट में पोलर रेडिएंट एनर्जी) नाम दिया गया है।

मिशन में दो शूबॉक्स के आकार के क्यूब उपग्रह शामिल हैं। यह ग्रह के दो सबसे ठंडे, सबसे दूरस्थ क्षेत्रों से पृथ्वी द्वारा अंतरिक्ष में उत्सर्जित होने वाली गर्मी की मात्रा को मापेंगे। प्रीफायर मिशन के डेटा से शोधकताओं को गर्म होती दुनिया में पृथ्वी की बर्फ, समुद्र और मौसम कैसे बदलेंगे का बेहतर अनुमान लगाने में मदद मिलेगी।

पृथ्वी की प्रणाली को लेकर समझ बेहतर करेगा

नासा के पृथ्वी विज्ञान अनुसंधान निदेशक करेन सेंट जर्मेन ने हाल ही में कहा था कि ध्रुवों में क्या हो रहा है, जलवायु में क्या हो रहा है जैसी नई जानकारी जो हमारे पास पहले कभी नहीं थी। प्रीफायर मिशन उसका नमूना या मॉडल तैयार करने की हमारी क्षमता में सुधार करेगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के छोटे उपग्रह बहुत विशिष्ट वैज्ञानिक सवालों का जवाब देने का एक कम लागत वाला तरीका है। ऐसे में बड़े उपग्रहों को सामान्यवादी और छोटे उपग्रहों को विशेषज्ञ माना जा सकता है और नासा को दोनों की जरूरत है। नासा का ताजा प्रीफायर मिशन पृथ्वी प्रणाली की हमारी समझ के एक अंतर को भर देगा।

ऊर्जा पर ध्रुवीय क्षेत्रों के असर का पता चलेगा

जर्मेन ने बताया कि लॉन्च किया गया उपग्रह हमारे वैज्ञानिकों को एक विस्तृत तस्वीर दिखाएगा कि पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्र हमारे ग्रह द्वारा अवशोषित और उत्सर्जित होने वाली ऊर्जा को कैसे प्रभावित करते हैं। इससे समुद्री बर्फ के नुकसान, बर्फ की चादर के पिघलने और समुद्र के स्तर में वृद्धि की भविष्यवाणी में सुधार होगा।

ग्रह की प्रणाली के बारे में भी जानकारी मिलेगी

इससे आने वाले वर्षों में हमारे ग्रह की प्रणाली कैसे बदलेगी इसकी बेहतर समझ पैदा होगी। मौसम और पानी में बदलावों पर नजर रखने वाले किसानों, बदलते समुद्रों में मछली पकड़ने वाले बेड़े और तटीय समुदायों को बदलती जलवायु के अनुरूप होने की अहम जानकारी मिल पाएगी।

अमेरिका के कई राज्यों में आया भयंकर तूफान, दो बच्चों समेत 18 की मौत, बड़ी संख्या में घर तबाह

वाशिंगटन। अमेरिका के टेक्सास, ओक्लाहोमा और अरकंसास राज्यों में शक्तिशाली तूफान ने तबाही मचाकर रख दी। यहां दो बच्चों समेत कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। वहीं, तूफान की वजह से हजारों घरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में बिजली गुल हो गई। इसके अलावा, तूफान से कई घर भी तबाह हो गए। पूरे क्षेत्र में रात भर खराब मौसम रहने के बाद आपातकालीन टीम गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्रों में लोगों की मदद के लिए रवाना हुई।

भूकंप से हुई तबाही बहुत गंभीर : अधिकारियों ने कहा कि कई लोग घायल हुए हैं। टेक्सास में कुक काउंटी के शेरिफ रे सैपिंगटन ने कहा कि भूकंप से हुई तबाही बहुत गंभीर है। मारे गए सात लोगों में दो और पांच साल के दो बच्चे और एक ही परिवार के तीन सदस्य शामिल हैं। तूफान से ट्रकों का एक ठहरावस्थल भी क्षतिग्रस्त हो गया जहां दर्जनों लोग शरण लेने के लिए पहुंचे थे।

मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका : अधिकारियों ने बताया कि ओकलाहोमा सीमा के पास टेक्सास के कुक काउंटी में शनिवार रात आए तूफान ने एक ग्रामीण इलाके में मोबाइल होम पार्क के पास तबाही मचाई। यहां सिर्फ मलबा बचा है। शेरिफ ने आगे कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है क्योंकि रविवार सुबह लापता हुए कुछ लोगों की तलाश एवं बचाव अभियान जारी है।

घरों के साथ-साथ अन्य इमारतें भी नष्ट : रिपोर्ट के अनुसार, टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने रविवार को कहा कि शनिवार को आए तूफान में करीब 100 लोग घायल हुए हैं। उन्होंने कहा कि 200 से अधिक घरों के साथ-साथ अन्य इमारतें भी नष्ट हो गईं। इसके अलावा 100 से अधिक अन्य क्षतिग्रस्त हो गए।

वैली व्यू में भी तूफान का कहर देखने को मिला।

घरों और व्यवसायों का मलबा देखने को मिला। इतना ही नहीं भयंकर तूफान ने पेड़ों और बिजली लाइनों को भी तबाह कर दिया। बता दें, वैली व्यू कार द्वारा डलास से लगभग एक घंटे उत्तर में है। अधिकारियों ने बताया कि डेंटन काउंटी में कई लोगों को एंबुलेंस और हेलीकॉप्टर से अस्पताल पहुंचाया गया है।

चार लाख से अधिक लोग अंधेरे में : टेक्सास से लेकर कंसास, मिसौरी, अरकंसास, टेनेसी और केंटुकी तक 4,70,000 से अधिक लोग बिना बिजली के रह रहे हैं।

तूफान ने ओकलाहोमा में दो लोगों की जान ले ली और घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया।

खैबर पख्तूनख्वा में एक स्कूल में लगी आग

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में बड़ा हादसा टल गया। यहां सोमवार को एक स्कूल की इमारत में लगी आग से सैकड़ों जानों पर खतरा पैदा हो गया था। हालांकि, 1400 लड़कियों ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचा ली है।

पाकिस्तान मीडिया के मुताबिक, खैबर पख्तूनख्वा के हरिपुर जिले के सिरिकोट गांव में स्थित सरकारी बालिका स्कूल की इमारत में उस वक्त आग लगी, जब बच्चियां अंदर ही पढ़ाई कर रही थीं। इसी दौरान एक इमारत में भीषण आग लग गई। हालांकि, दमकलकर्मियों ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पा लिया। अधिकारियों का कहना है कि पहाड़ी क्षेत्र होने की वजह से दमकल की गाड़ियों को घटनास्थल पर पहुंचने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा।

हरिपुर दमकल विभाग के प्रवक्ता फराज जलाज ने कहा कि स्कूल में करीब 1400 बच्चियां थीं, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। उन्होंने बताया कि आग से बिल्डिंग पूरी तरह तबाह हो गई। राहत-बचाव विभाग ने बताया कि इस घटना में किसी की जान नहीं गई है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्य सचिव ने नदीम असलम चौधरी ने कहा कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी।

चीन-फिलीपींस के तनाव के बीच ब्रुनेई पहुंचा भारतीय नौसेना का युद्धपोत, समुद्री साझेदारी बढ़ेगी

ब्रुनेई। दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस व बीजिंग के बीच तनातनी के मध्य भारतीय नौसेना का युद्धपोत किल्टन ब्रुनेई पहुंच गया है।

मुआरा पहुंचने पर आईएनएस किल्टन का रॉयल ब्रुनेई नौसेना ने गर्मजोशी से स्वागत किया। यह यात्रा दक्षिण चीन सागर में भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े की परिचालन तैनाती का एक हिस्सा है।

इससे दोनों समुद्री राष्ट्रों के बीच मित्रता व सहयोग और सामरिक संबंध अधिक मजबूत होंगे।

रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में बताया, भारतीय नौसेना के युद्धपोत किल्टन की यह यात्रा परस्पर पेशेवर बातचीत, खेल संबंधों, सामाजिक आदान-प्रदान व सामुदायिक पहुंच पर केंद्रित है। ये पहलू दोनों देशों व नौसेनाओं के साझा मूल्यों को प्रदर्शित करते हैं।

यह यात्रा भारतीय नौसेना व रॉयल ब्रुनेई नौसेना के बीच समुद्र में समुद्री साझेदारी अभ्यास के साथ समाप्त होगी। दोनों नौसेनाएं सामरिक कौशल को आगे बढ़ाएंगी। इससे पारस्परिक श्रेष्ठता व सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। वहीं, इस पूरे घटनाक्रम से चीन की चिंता बढ़ गई है।

टीटीपी को लेकर पाक-अफगानिस्तान में ठनी, तालिबान से आतंकियों को सौंपने को कहा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने रविवार को अफगानिस्तान की तालिबान सरकार से कहा है कि चीनी कर्मचारियों पर हमले के जिम्मेदार टीटीपी आतंकियों को उन्हें सौंप दें। इस साल मार्च में हुए हमले में एक विस्फोटक भरे वाहन ने चीनी कर्मचारियों को लेकर जा रही बस में टक्कर मार दी थी, इसके चलते हुए धमाके में छह लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें पांच चीनी कामगार शामिल थे।

टीटीपी आतंकियों पर हमले का आरोप

पाकिस्तान की राष्ट्रीय आतंकवाद रोधी प्राधिकरण के अधिकारियों की बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पाकिस्तान के आंतरिक मामलों के मंत्री मोहसिन नकवी ने कहा कि 'चाहे अफगानिस्तान आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है या नहीं, लेकिन उसे आतंकियों को पाकिस्तान को सौंप देना चाहिए।' जांच में पता चला है कि चीनी कामगारों के खिलाफ हुए आत्मघाती हमले के पीछे आतंकी संगठन तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान का हाथ है और अफगानिस्तान में बैठकर टीटीपी ने चीनी कामगारों पर हमले को अंजाम दिया था।

पाकिस्तान की सरकार चीनी कर्मचारियों के परिजनों को देगी मुआवजा : चीनी कामगार पाकिस्तान के दासु हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के लिए काम कर रहे थे। 4320 मेगावॉट के इस प्रोजेक्ट को चीन की जेझोउबा कंपनी द्वारा बनाया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट की फंडिंग विश्व बैंक द्वारा की जा रही है। पाकिस्तान की सरकार ने टीटीपी के हमले में मारे गए चीनी कर्मचारियों के परिजनों को साढ़े बाईस लाख यूएस डॉलर का मुआवजा देने का एलान किया है। प्रत्येक कर्मचारी के परिजनों को करीब पांच लाख डॉलर मिलेंगे। पाकिस्तान में सीपेक प्रोजेक्ट के तहत हजारों चाइनीज कर्मचारी पाकिस्तान में काम कर रहे हैं।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि चीनी कंपनियां प्राकृतिक संसाधनों का दुरुपयोग कर रहे हैं। यही वजह है कि पाकिस्तान में कई बार चीनी कर्मचारियों को निशाना बनाकर आतंकी हमले हुए हैं।

पाकिस्तान की मांग पर अफगानिस्तान की सरकार नहीं दे रही ध्यान : पाकिस्तान की सरकार लगातार अफगानिस्तान की तालिबान सरकार से चीनी कर्मचारियों पर हमले के जिम्मेदार आतंकियों को सौंपने की मांग कर रही है, लेकिन अफगानिस्तान की सरकार इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रही है।

उत्तर कोरिया एक बार फिर करेगा 'जासूसी सैन्य उपग्रह' लॉन्च करने की कोशिश

सियोल। उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग उन अगले हफ्ते एक उपग्रह लॉन्च करने वाला है। जापान के तटरक्षक ने सोमवार को कहा कि उत्तर कोरिया ने तीन जून को किसी भी समय उपग्रह लॉन्च करने की अपनी योजना के बारे में टोक्यो को जानकारी दी है। बता दें, अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह सैन्य जासूसी उपग्रह हो सकता है। कक्षा में दूसरे जासूसी सैटेलाइट को भेजने का उसका यह प्रयास है।

तोंगचांगरी प्रक्षेपण केंद्र से करेगा लॉन्च

दक्षिण कोरिया की सेना ने शुक्रवार को कहा कि उसे ऐसे संकेत मिले हैं कि उत्तर कोरिया ऐसी गतिविधियों में शामिल हो रहा है जिसके बारे में माना जा रहा है कि वह उत्तर पश्चिम में अपने मुख्य तोंगचांगरी प्रक्षेपण केंद्र से जासूसी उपग्रह लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है।

पिछले साल भी किया था लॉन्च : उत्तर कोरिया ने अमेरिका के नेतृत्व वाले सैन्य खतरों से निपटने के लिए अंतरिक्ष-आधारित निगरानी नेटवर्क बनाने के अपने प्रयासों के तहत पिछले नवंबर में अपना पहला सैन्य टोही उपग्रह कक्षा में भेजा था।

संयुक्त राष्ट्र ने लगाया प्रतिबंध

उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने बाद में एक प्रमुख गवर्निंग पार्टी की बैठक में कहा कि देश 2024 में तीन अतिरिक्त सैन्य जासूसी उपग्रहों का लॉन्च करेगा। हालांकि, संयुक्त राष्ट्र ने उत्तर कोरिया को उपग्रह लॉन्च करने से प्रतिबंधित कर दिया है, क्योंकि यह उसकी लंबी दूरी की मिसाइल तकनीक का एक परीक्षण है। उत्तर कोरिया के नवंबर के उपग्रह लॉन्च ने कोरियाई प्रायद्वीप पर तनाव बढ़ा दिया है।

पूर्व प्रधानमंत्री के बेटे पर पीएम शेख हसीना का निशाना, कहा-

लंदन से वापस लाकर उसे सजा दिलाएंगे

ढाका। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और विपक्षी नेता खालिदा जिया में बीच लंबे समय से संघर्ष है। इसी बीच, सोमवार को बांग्लादेशी पीएम ने जिया के बेटे तारिक रहमान को लंदन से वापस लाने और सजा को क्रियान्वयन करने के लिए अपनी सरकार के दृढ़ संकल्प को दोहराया। रहमान बांग्लादेशी नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के कार्यकारी अध्यक्ष हैं। मां के जेल जाने के बाद से उन्होंने ही बीएनपी की बागडोर संभाली थी।

ग्रेनेड हमले की साजिश रचने का आरोप

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, छह साल पहले रहमान आरोपी ठहराए गए थे, जिसके बाद से वे लंदन में हैं। उन पर पीएम की रैली में घातक ग्रेनेड हमले की साजिश रचने का आरोप है। मामले में अदालत ने उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इस पर रहमान का कहना है कि आरोप मनगढ़ंत है।

रहमान को वापस लाना हमारा एकमात्र लक्ष्य : सोमवार को पीएम ने कहा कि जो लोग आगजनी करेंगे और लोगों को जलाएंगे उन्हें बख्शा नहीं जाएगा। फिर चाहे वह कोई भी हो, हम उन्हें छोड़ेंगे नहीं। हमारी कार्रवाई ऐसे लोगों के खिलाफ जारी रहेगी। 10 ट्रक हथियार बरामदगी मामले में, ग्रेनेड हमले मामले में उन्हें जो सजा मिली है, उस पर हम अमल कराएंगे। हमारा एकमात्र लक्ष्य है रहमान को वापस लाना। उन्होंने कहा कि हमने ब्रिटिश सरकार के साथ चर्चा की है कि वे भगोड़े को वापस बांग्लादेश भेज दें।

उग्रवादियों के आतंक से मुक्त होंगे देशवासी

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि देश के लोग उग्रवादियों और आगजनी करने वालों को दोबारा सत्ता में नहीं देखना चाहते। रहमान को सजा मिलती है तो देश के नागरिक आगजनी और उग्रवादियों के आतंक से मुक्त हो जाएंगे। मेरा लक्ष्य है शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करना। आर्थिक स्वतंत्रता और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ना।

जनवरी में पांचवी बार प्रधानमंत्री बनीं शेख हसीना : इस साल, जनवरी में शेख हसीना ने पांचवीं बार बांग्लादेश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।

उनकी पार्टी अवामी लीग ने मुख्य विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) और उसके सहयोगियों के चुनाव के बहिष्कार के बीच सात जनवरी को हुए आम चुनाव में भारी जीत दर्ज की थी।

प्रधानमंत्री के शपथ लेने के बाद राष्ट्रपति द्वारा मंत्रिमंडल के सदस्यों को शपथ दिलाई गई। पीएम हसीना की पार्टी ने 300 सदस्यीय संसद में 223 सीट पर जीत दर्ज की है।

हमास-इस्राइल में फिर तेज हुई जंग, राफा में नागरिकों के मारे जाने पर नेतन्याहू सरकार ने दी सफाई

यरुशलम। दुनिया के कई देश युद्ध में घिरे हुए हैं। जहां रूस-यूक्रेन जंग को दो साल से ज्यादा का वक्त हो चुका है। इधर, हमास और इस्राइल बीते सात महीने से लड़ाई लड़ रहे हैं।

अब तक 30 हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। जहां सभी देश संघर्ष विराम की उम्मीद लगाए हुए थे। वहीं, अब एक बार फिर तनाव बढ़ गया है। हमास के तेल अवीव के वाणिज्यिक केंद्र पर हमले के बाद इस्राइल ने राफा में एक शिविर पर हवाई हमले तेज कर दिए हैं। इस हमले में कथित तौर पर कम से कम 35 फलस्तीनी मारे गए हैं। अब हमलों को लेकर भी हमास और इस्राइल में बहस छिड़ गई है।

गाजा के अधिकारियों का कहना है कि विस्थापित लोगों के एक केंद्र पर इस्राइल ने हमला किया, जिसमें दर्जनों लोग मारे गए। जबकि इस्राइली सेना ने कहा कि उसने सिर्फ हमास के सदस्यों को निशाना बनाया था।

हमास संचालित क्षेत्र के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि हमलों में 35 लोगों की जान चली गई और दर्जनों घायल हो गए, जिनमें ज्यादातर बच्चे और महिलाएं थीं। वहीं, इस्राइली सेना ने कहा कि उसने सटीक खुफिया जानकारी के आधार पर हमला किया था। साथ ही उसने वेस्ट बैंक में हमले करने के जिम्मेदार हमास के दो वरिष्ठ अधिकारियों को भी मार गिराया।

गाजा में हमास द्वारा संचालित सरकारी मीडिया ने इस्राइल द्वारा किए हमले को नरसंहार करार दिया। कहा कि राफा के पास फलस्तीनी शरणार्थियों के लिए संयुक्त राष्ट्र एजेंसी द्वारा संचालित एक केंद्र को निशाना बनाया कर हमला किया गया।

रविवार को हमास ने किया था हमला

बता दें, फलस्तीनी आतंकी संगठन हमास ने लंबे समय के बाद गाजा से रविवार को इस्राइल पर रॉकेट दागे। इससे राजधानी तेल अवीव में सायरन बज उठे और लोग सहम गए। इस हमले में फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

इस्राइल की सफाई

इस्राइली सेना ने बताया कि उसके विमान ने राफा में हमास के ठिकाने पर हमला किया। इस हमले में यासीन राबिया और खालिद वनागर की मौत हो गई। दोनों दोनों कब्जे वाले वेस्ट बैंक में फलस्तीनी आतंकवादी समूह के वरिष्ठ अधिकारी थे। सेना ने कहा, 'हम उन रिपोर्टों से अवगत हैं, जिसमें कहा जा रहा है कि हमले में कई नागरिकों को नुकसान पहुंचा है। हम इसकी समीक्षा कर रहे हैं।'

हमास ने तेल अवीव और मध्य इस्राइल में दागे रॉकेट आईडीएफ के हमले में 35 फलस्तीनियों की मौत

तेल अवीव। फलस्तीनी आतंकी संगठन हमास ने लंबे समय के बाद गाजा से रविवार को इस्राइल पर रॉकेट दागे। इससे राजधानी तेल अवीव में सायरन बज उठे और लोग सहम गए। इस हमले में फिलहाल किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जनवरी के बाद गाजा की तरफ से लंबी दूरी के रॉकेट दागे जाने का पहला मामला है। हालांकि, गाजा सीमा पर हमास के आतंकी इस्राइली समुदाय पर छिटपुट रॉकेट व मिसाइलें दागते रहे हैं। हमास ने हमले का दावा करते हुए कहा कि मध्य गाजा में रॉकेट लॉन्च के धमाके सुने जा सकते हैं। इस्राइली सेना ने कहा कि गाजा सिटी के रफाह से दो गए आठ रॉकेट इस्राइली सीमा में प्रवेश कर गए। इसी इलाके में इस्राइली सेना ने हाल में आतंकियों के खिलाफ अभियान चलाया था।

हमास ने हमलों की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि उसने अपने नागरिकों के नरसंहार के जवाब में तेल अवीव को लंबी दूरी के रॉकेट से निशाना बनाया था। इस बीच, आईडीएफ ने एक बयान में बताया कि इस्राइली रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने गाजा में अभियान पर जानकारी लेने के लिए इस्राइली सैन्य अधिकारियों से मुलाकात की। बयान के मुताबिक, गैलेंट ने बलों को एक संबोधन दिया और उन्हें बताया कि हमास को खत्म करने और गाजा में बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने पिछले साल सात अक्तूबर को हमास के हमले के बाद से सैनिकों से समर्पण और उनके बलिदान की सराहना की।

युद्ध शुरू होने के बाद से फलस्तीन के 35,984 लोग मारे गए हैं और 80,643 अन्य घायल हुए हैं। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया कि आईडीएफ ने गाजा पट्टी में आठ नरसंहार किए। इसमें आगे कहा गया है कि कई पीड़ित अभी भी मलबे के नीचे दबे हैं या सड़कों पर हैं। इसलिए एंबुलेंस और नागरिक सुरक्षा दल उन तक नहीं पहुंच सकते। उधर, रॉयटर्स ने जानकारी दी कि रफाह में इस्राइली हमलों में कम से कम 20 फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। एसोसिएटेड प्रेस के मुताबिक, फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि रफाह पर इस्राइल के हवाई हमले में 22 लोग मारे गए हैं, जो शिविरों में रह रहे थे। सीएनएन के मुताबिक, मृतकों का यह आंकड़ा बढ़कर 35 हो गया है।

गाजा पहुंचे मदद सामग्री भरे ट्रक

एक नए समझौते के तहत दक्षिणी इस्राइल से होते हुए राहत सामग्री वाले

सीसीटीवी कैमरा इंटीग्रेशन में अस्पताल व होटल भी निगम के कंट्रोल सेंटर से जुड़े

सेफ सिटी योजना के तहत जन सहयोग के लिए निगम ने बढ़ाये कदम: नगर आयुक्त

गाजियाबाद ,करंट क्राइम। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह के निर्देश पर निगम क्षेत्र में कैमरा इंटीग्रेशन का कार्य रफ्तार से चल रहा है। नगर आयुक्त द्वारा टीम को कार्य की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश दिए गये हैं, शहर में सेफ सिटी योजना को लेकर जागरूकता दिखाई दे रही है। शहर के अधिकांश अस्पतालों, चिकित्सालय, छोटे तथा बड़े मेडिकल क्लीनिक, मेडिकल स्टोर, डायग्नोस्टिक सेंटर व अन्य के द्वारा भी अपने बाहर के कैमरे को निगम के सेंटर से जोड़ा जा रहा है, इसी क्रम में होटल रेस्टोरेंट ढाबों को भी जोड़ने की तैयारी चल रही है। शासन की इस सेफ सिटी योजना से जन-जन को निश्चित रूप से लाभ प्राप्त होगा। अब तक लगभग 750 से अधिक कैमरों को निगम के आई ट्रिपल सी सेंटर से जोड़ दिया गया है। मैक्स, संतोष, यशोदा व अन्य बड़े हॉस्पिटल नगर निगम की इस योजना में अपना सहयोग कर रहे हैं, अपने बाहर के कैमरे का नियम अनुसार कंट्रोल निगम को दिया गया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के द्वारा भी निगम का सहयोग किया जा रहा है, शहर के सभी होटल, रेस्टोरेंट, ढाबों के सीसीटीवी कैमरों को भी जोड़ने के लिए बैठक की जा रही है।

आधुनिक भारत के निर्माता थे पंडित जवाहरलाल नेहरू: बिजेंद्र यादव

गाजियाबाद , करंट क्राइम। देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू की 60वीं पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव बिजेंद्र यादव ने कहा कि भारत देश पंडित जवाहरलाल नेहरू का हमेशा ऋणी रहेगा, क्योंकि देश के प्रथम प्रधानमंत्री के रूप में छिन्न-भिन्न अर्थव्यवस्था को संभाल कर उन्होंने आधुनिक भारत की बुनियाद रखी।

नए संस्थान, देश में औद्योगिकीकरण, किसानों को सिंचाई के लिए नदी नहरों का जाल बिछाया, बिजली की व्यवस्था, नौजवानों के लिए रोजगार की व्यवस्था की एवं शिक्षा के क्षेत्र में देश के गरीब किसान मजदूर तबके के बच्चों के लिए प्राइमरी पाठशालाओं का जाल बिछाया। छोटे-छोटे अस्पताल बनाकर चिकित्सा के क्षेत्र में देश को नए आयाम दिए। एम्स जैसे बड़े अस्पताल की बुनियाद रखी जिससे विश्व स्तरीय सुविधा का इलाज देश को मिल सका।

महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के नए-नए उपक्रम स्थापित किये। इसके अलावा देश की सीमाओं को सुरक्षित रखने का काम पंडित जवाहरलाल नेहरू ने किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य सुरेंद्र शर्मा, पीसीसी सदस्य राजाराम भारती, जिला महासचिव राजेंद्र शर्मा, शान मोहम्मद, सुरेंद्र बबलू वरिष्ठ समाजसेवी उदयपाल सिंह समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने पंडित नेहरू को श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

- क्यों कहा कहने वाले ने कि निगम पार्षद आंदोलन से तीन पार्षद हो गये आउट? क्या उन्हें मिला था कहीं से डॉयरेशन या उन्हें हो गया था किसी बात पर डाउट? कहने वाले ने कहा कि डेल्टा कॉलोनी के खेमका जी, चौधरी जी और स्वयं श्री भगवान ने बना ली धरने प्रदर्शन और मुलाकातों से दूरी? क्या वो पार्षदों के साथ नहीं थे या रही थी उनकी और कोई मजबूरी?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जब विकास वाले महकमें में हो गई थी ज्ञापन देने के बाद नेतागिरी को लेकर अधिकारी से हॉट टॉक? तब किस पार्षद को ही दे दी थी पार्षद दम्पत्ति ने स्पष्ट शब्दों ने ये हिदायत? तुम्हें रहना है इस मामले में पूरी तरह से खामोश? क्या पूरी प्रीत के साथ समझा दी गयी थी पार्षद को ये बात? आपका लहजा है थोड़ा कड़ा और बात कह देते हो कई बार खोटी? इसलिए आपको रहना है साईलेंट, भले ही वार्ता हो कितनी ही प्रकार की कोटी?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि अब उठने लगे हैं निगम वाले बवाल को लेकर निगम वालों में ही सवाल? कह दिया एक सीनियर पार्षद ने कि पार्षदों को नहीं है खुद किसी मामले में एक्शन लेने का राईट? वो अधिकारी से शिकायत करें, ना कि वार्ड में करें किसी से फाइट? अगर पार्षद की बात नहीं सुनते अधिकारी तो बोर्ड बैठक में रखना है उनकी जिम्मेदारी? लेकिन पार्षद खुद ना लें एक्शन वरना बढ़ जाती है टेंशन?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि निगम वाली तकरार में भी हो गई इंटरनल वॉर? सुना है लड़ाई लड़ने के लिए एकजुट हुए पार्षद ही बंट गये दो खेमों में? कहने वाले ने कहा कि फिनिश हो गया है खेल? इधर होगी बेल और उधर हाथ मिलाकर कायम हो जायेगा तालमेल? 4 जून के बाद नहीं रहेगी इस मामले में कोई गर्मी और ठंडक रहेगी एकदम मून? मामले का समझ लिया है उन्होंने पूरा मजमून?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि गठबंधन वाला चुनाव मतगणना के दिन दिखेगा कुछ अलग? सुना है मतगणना वाले पास में नहीं रखा है फूल वालों ने हैंडपम्प वालों का ध्यान? बताने वाले ने बताया कि सौ वाली लिस्ट में एक भी नाम हैंडपम्प वाले का नहीं आया? कहने वाले ने कहा कि ये तो समझ लेनी चाहिए अब उन्हें बात? चुनाव लडाने के लिए गठबंधन हुआ था ना कि मतगणना कराने के लिए एकसाथ? हमारे पास तो पहले ही पड़ी है मंडल अध्यक्षों से लेकर वरिष्ठ कार्यकताओं की एक जमात? उन्हें पास के लिए नहीं करनी चाहिए हमसे कोई बात?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि इन्दिराजी वाले पुरम में हो गई विकास कराने को लेकर निगम के दो पार्षदों में बहस? व्हाट्सऐप ग्रुप पर चली इस बहस के बाद आना पड़ा सीन में ग्रुप के एडमिन को? उन्होंने कर दिया व्हाट्सऐप ग्रुप को एडमिन मोड पर? ना कर पायेगा कोई सवाल और ना कोई दे पायेगा कोई जवाब? सुना है जब एक पार्षद ने कर दिया ग्रुप के एडमिन को फोन? तब उन्होंने ये कहकर अपनी बला छुड़ाई? बैठकर बात कर लेंगे अभी मैं आऊट ऑफ स्टेशन हूं भाई? विकास को लेकर पार्षदों की इस लड़ाई का लिया मजा सभी ने? कह दिया विकास को लेकर देखा है इतना जोश पहली बार?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार वाले एक वार्ड में एक्स पार्षद हसबैंड हो रहे हैं पार्षद आंदोलन का पूरा डाटा रखने को लेकर रेडी? उन्हें पता है कि क्षेत्र में किस किस पार्षद के वार्ड में लगती है ठेली और रेड़ी? सुना है ये पार्षद रख रहे हैं धरने प्रदर्शन की एक एक कटिंग को संभालकर? वो चाहते हैं कि दावेदारी के समय ये सबूत लायेंगे वो निकालकर? क्योंकि उस समय करेंगे वो इन बातों को इस तरह से पेश? जब सरकार अपनी थी तो अपनी ही सरकार के खिलाफ खोल रहते थे मोर्चा ये-ये फेस?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि मंडल के किस महामंत्री ने क्षेत्र में खुले मोटर गैराज को लेकर रखी मंडल प्रभारी के सामने अपनी बात? मंडल महामंत्री भले ही पार्षद नहीं है लेकिन वो चाहते हैं कि इन गैराजों पर भी लग जाये ताला? इसलिए उन्होंने मंडल प्रभारी के सामने दिल का हाल रख डाला? सुना है उन्हें मंडल के ही एक भाजपाई ने सच्चाई से रूबरू करा डाला? कह दिया कि प्रभारी जी की लोकेशन ही मिलती है अक्सर अपने क्षेत्र में इन्हीं गैराज वालों के साथ? तुम्हें नहीं रखनी चाहिए थी उनके सामने ये बात? वो संगठन को मजबूत करेंगे या करेंगे गैराज वालों की शिकायत? तुम्हें ये मामला ले जाना चाहिए निगम वालों के पास?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या 4 जून के बाद जिले में हो जायेगा किसी अधिकारी का तबादला? सुना है एक जनप्रतिनिधि के गुस्से का पारा है इन दिनों हाई? उन्होंने कर दी है ये बात कई बार रिपीट? 4 जून के बाद देखना बढ़ेगी कैसे इस जिलें में सरकार वाली हीट? सभी को अब लग रहा है कि 4 जून के बाद आयेगा जिले में तबादलों का मानसून?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि स्कूल वाले धरने में भी सीन रहा था भाजपा बनाम भाजपा? क्यों कहा कहने वाले ने कि भाजपा के विधायक और पूर्व मेयर के जाने के बाद भी नहीं मानी गई थी बात? क्या इस स्कूल की संचालिका है भाजपाई और लड़ चुकी है दो बार चुनाव? क्यो बोला आखिर पुराना भाजपाई कि उन्होंने वरिष्ठ भाजपाईयों की नहीं मानी और फिर अधिकारी की बात ही समझ में आई? कहने वाले ने कहा कि यहां सीन ही विरोध का होता है भाजपाई बनाम भाजपाई?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

बम्हेटा में किसानों ने राकेश टिकैत को समस्याओं से कराया अवगत

किसानों के साथ अन्याय किया तो बिल्डरों का इलाज करेंगे : टिकैत

गाजियाबाद ,करंट क्राइम। वेव सिटी के बिल्डरों से पीड़ित किसानों ने भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत को बम्हेटा में आयोजित बैठक में वेव बिल्डरों द्वारा किये जा रहे उत्पीड़न की शिकायत की है। किसान नेता चौधरी राकेश टिकैत ने गांव के किसानों को जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन देते हुए कहा कि किसानों को परेशान करने वाले बिल्डरों का इलाज जल्द किया जाएगा। उन्होंने पीड़ित किसानों से एकजुट होने की अपील करते हुए कहा कि अन्याय के खिलाफ आंदोलन जरूरी है। कहा कि अपनी जमीन को बचाने के लिए आंदोलन करना होगा। उन्होंने बिल्डर द्वारा किसानों के साथ किए जा रहे उत्पीड़न पर रोष प्रकट किया । उन्होंने कहा कि सभी किसान एक होकर अन्याय का मुकाबला करें। भाकियू संगठन हमेशा किसानों और मजदूरों के साथ है, किसान का उत्पीड़न नही होने देंगे। बैठक में भाकियू के राष्ट्रीय सचिव ओमपाल चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार चौधरी, जिला अध्यक्ष बिजेंद्र सिंह, जिला प्रभारी जय कुमार मालिक, जिला कोषाध्यक्ष पवन चौधरी, जिला युवा अध्यक्ष छोटे चौधरी, युवा जिला सचिव सचिन तेवतिया, महेश यादव, यशवीर सिंह, अभिषेक चौधरी, सतेंद्र तेवतिया, जयदीप चौधरी, सतेंद्र बालियान, राजेंद्र सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, रिशीराम यादव, ज्ञानेंद्र यादव, रूपम यादव, फूल सिंह यादव, सुभाष यादव, जयवीर यादव, भीष्म सिंह, ओमपाल यादव, डॉ. सगीर, भूली यादव, रामबीर पहलवान आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

साहिबाबाद : भीषण गर्मी में हॉट हो रहे ट्रांसफार्मर, कूलर से किए जा रहे हैं कूल

साहिबाबाद ,करंट क्राइम। इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है जिसका असर बिजली सप्लाई पर भी पड़ रहा है। बढ़ती गर्मी के चलते साहिबाबाद विद्युत विभाग ने ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने के लिए कूलर लगाए। साहिबाबाद में लगातार भीषण गर्मी के प्रकोप के मद्देनजर जहां जनजीवन प्रभावित दिखाई दे रहा है तो वहीं गर्मी से राहत के लिए बिजली विभाग द्वारा सुचारू आपूर्ति के लिए बिजलीघरों में लगे ट्रांसफार्मरों को कूलर से ठंडा किया जा रहा है ताकि लोगों को बिजली सप्लाई बिना किसी व्यवधान के दी जा सके। अधीक्षण अभियंता अखिलेश सिंह ने बताया कि गर्मी अधिक होने की वजह से ट्रांसफार्मरों के क्षतिग्रस्त होने की संभावना बन जाती है, विद्युत आपूर्ति लगातार बनी रहे इसलिए कूलर लगाए गए हैं।

एनसीआर के कई हिस्सों में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है जिसका असर बिजली सप्लाई पर भी पड़ रहा है। बढ़ती गर्मी के चलते साहिबाबाद विद्युत विभाग ने ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने के लिए कूलर लगाए। गर्मी से झुलस रहे हैं ट्रांसफार्मर, कूलर से दी जा रही है ठंडक। इंदिरापुरम वसुंधरा, वैशाली, कौशाम्बी के बिजलीघरों के ट्रांसफार्मर में यह व्यवस्था की गई है। अधीक्षण अभियंता अखिलेश सिंह ने बताया कि गर्मी अधिक होने की वजह से ट्रांसफार्मरों के क्षतिग्रस्त होने की संभावना बन जाती है, विद्युत आपूर्ति लगातार बनी रहे इसलिए कूलर लगाए गए हैं।

ट्रांसफॉर्मरों को ठंडा करने के लिए लगाए कूलर

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। ट्रांसफार्मरों पर लगाए गए कूलर की देखभाल करने वाले विभागीय कर्मचारी को भी रखा गया है। उन्होंने बताया कि जूनियर इंजीनियर ने हमको कूलर में पानी भरने का काम दिया है, इसकी देखरेख रखनी है कूलर बंद नहीं होने चाहिए। गर्मी ज्यादा है इस वजह से हमारी ड्यूटी लगा रखी है। जिस तरीके से टेंपरेचर बढ़ा हुआ है उसे नार्मल करने के लिए ऑयल के अलावा और भी कई साधन सुलभ कराये गये हैं। कूलर की आवश्यकता पड़ रही है क्योंकि गर्मी बहुत ज्यादा है। टेंपरेचर इस हद तक बढ़ता जा रहा है कि ट्रांसफार्मर के क्षतिग्रस्त होने की संभावना बढ़ जाती है। विभाग के लोगों का कहना है कि आए दिन ट्रांसफार्मर फुंकने की घटनाएं हो रही हैं । रविवार की रात को भी एक ट्रासफार्मर मोदीनगर में फुंका है जिसकी रिपेयर की जा रही है।

रविवार की रात को भी ट्रासफार्मर मोदीनगर में फुंका है ।

खोड़ा अंडरपास होकर जाता था दिल्ली में लाखों का गांजा

मेरठ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने तस्कर को दबोचा, 52 लाख का माल जब्त

स्विफ्ट गाड़ी से सप्लाई होता था दिल्ली-एनसीआर में गांजा

गाजियाबाद, करंट क्राइम । मेरठ की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम ने गांजा तस्करी करने वाले गिरोह के एक शातिर सदस्य को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। टीम ने मेरठ से मिली सूचना के बाद खोड़ा में जांच करेत हुए अंडरपास के पास से दिल्ली लेकर जा रहे लगभग 103 किलो अवैध गांजे की खेप को स्विफ्ट गाड़ी से बरामद किया है। पकड़े गए आरोपों का नाम प्रमोद कुमार निवासी बुलंदशहर उम्र लगभग 44 साल है। बताया जा रहा है कि आरोपी बीते लंबे समय से गांजा तस्करी का धंधा कर रहा था। टीम ने आरोपी को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

लाखों की कीमत का गांजा सप्लाई होता था कार से

करंट क्राइम। मेरठ स्थित एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स टीम के प्रभारी एसपी राजेश सिंह ने बताया है की टीम को सूचना मिली थी कि स्विफ्ट गाड़ी में भारी मात्रा में गांजा गाजियाबाद के बार्डर से होते हुए दिल्ली जा रहा है। तत्काल टीमों का गठन कर चेकिंग कराई गई। जिसमें प्रवेश कुमार नाम का तस्कर गिरफ्तार हुआ है। बताया गया है कि यह माल अलीगढ़ से लोकेंद्र शर्मा निवासी चांदमारी दिल्ली पर किसी अज्ञात व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए दिया जाता था। इस काम के लिए आरोपी प्रवेश को लगभग 50 हजार रुपये मिलते थे। पुलिस अधिकारियों की माने तो पकड़े गए गांजे कीमत लगभग 52 लाख रुपए के आसपास की है।

लगातार गाजियाबाद में सफलता हासिल कर रही है एएनटीएफ मेरठ यूनिट

करंट क्राइम। दिल्ली एनसीआर हमेशा से मादक पदार्थों की तस्करी और उसको खपाने का अड्डा रहा है। इसी के मद्देनजर लगातार मेरठ की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स टीम दिल्ली-एनसीआर में एक्टिव मोड किए हुए हैं। गाजियाबाद में कुछ समय पहले भी करोड़ों रुपए के मादक पदार्थों की खेप पकड़ी गई थी। वहीं खोड़ा अंडरपास के पास से पुलिस ने स्विफ्ट गाड़ी में लगभग 52 लाख रुपए का अवैध गांजा पकड़ने की कार्रवाई की है। बता दें कि इससे पहले भी लगातार एसपी राजेश सिंह के नेतृत्व में गाजियाबाद और आसपास के इलाकों में बड़ी कार्रवाई की जा चुकी है।

पंजाब में जनरल वीके सिंह ने की पूर्व सैनिकों से भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील



गाजियाबाद, करंट क्राइम। केंद्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री एवं गाजियाबाद के सांसद जनरल वीके सिंह पंजाब की गुरुदासपुर लोकसभा में पूर्व सैनिकों से मुखातिब हुए। जनरल वीके सिंह ने पूर्व सैनिकों से अबकी बार 400 पार के मजबूत संकल्प के साथ वार्ता की। साथ ही जनरल वीके सिंह ने पूर्व सैनिकों से भाजपा के पक्ष में मजदान करने की अपील भी की।

महाराणा प्रताप पार्क में पौधों की सिंचाई ना होने पर करेंगे अनशन : डीपी पांडे

साहिबाबाद ,करंट क्राइम। वसुंधरा पुलिस चौकी के पास महाराणा प्रताप पार्क में शिवमय भारत मिशन के अंतर्गत प्रकृति फाउंडेशन ने तीन वर्ष पूर्व बड़ी संख्या में बेलपत्र, पीपल, नीम के पौधे लगाए थे लेकिन पानी के अभाव में अब वह धीरे धीरे सूख रहे हैं। प्रकृति फाउंडेशन के संस्थापक डीपी पांडे ने कहा कि अगर मंगलवार तक निगम पौधों के लिए नियमित सिंचाई की व्यवस्था नही करता है तो वे अनशन पर बैठेंगे और जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा तब तक जल ग्रहण नही करेंगे।

श्री पांडे ने बताया कि पौधे लगाते समय यह जानकारी नहीं थी कि इस पार्क के नीचे सड़क दबी है और जिसके ऊपर मिट्टी डाली हुई है। अब ऐसी स्थिति में पौधों को पानी की जरूरत ज्यादा पड़ती है। गत वर्षों में नगर निगम के टैंकर से पानी पौधों में लगाया जाता था लेकिन गत कई दिनों से पौधों में पानी नहीं डाला गया है।

उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा पार्क में बोरिंग करा दी गई, लेकिन अभी तक बिजली का कनेक्शन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम गाजियाबाद कल तक बोरिंग चालू कर पौधों को पानी देने का कार्य करे अन्यथा मंगलवार से वह अनशन पर बैठेंगे।

वरिष्ठ भाजपा नेता राजा वर्मा ने लुधियाना में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में किया प्रचार

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। उ०प्र० भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजा वर्मा ने लुधियाना की दक्षिण विधानसभा में भाजपा के पक्ष में लोगों से मतदान करने की अपील की। इस मौके पर उनके साथ लुधियाना भाजपा के कई वरिष्ठ नेता शामिल रहे।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मां के लिए बेटे से अनमोल और प्यारा कोई नहीं होता। पुलिस अधिकारी लक्ष्मी सिंह चौहान के पुत्र आदि का सोमवार को जन्मदिन था। जन्मदिवस की यह पोस्ट जब उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट की तो बेटे आदि को बधाई और शुभकामना देने वालों का तांता लग गया। दैनिक करंट क्राइम की यह पोस्ट बनी पोस्ट ऑफ द डे।